www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 225 । भोपाल, सोमवार 14 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

विवाद में बड़े भाई और भतीजों ने की मारपीट पृष्ठ 2

▪ नेहरू ने बिना शिकायत शून्य से भारत को शिखर तक पहुंचाया
▪ महाराजा का दरबार नहीं, 140 करोड़ लोगों की आवाज है संसद पृष्ठ 4

▪ 6 माह से रुके विद्युतीकरण कार्य पूरे करने की बनाई रूपरेखा पृष्ठ 6

साँची में सौर ऊर्जा संरक्षण के लिए अदभुत प्रयास पृष्ठ 8

# महाराष्ट्र : ठाणे के सरकारी अस्पताल में 24 घंटे के दौरान 18 मरीजों की मौत

## मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश



**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर के कलवा में नगर निकाय द्वारा संचालित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 18 मरीजों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री एकनाथ सिंदे ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों में 10 महिलाएं और 8 पुरुष शामिल हैं, जिनमें से छह ठाणे शहर से, चार कल्याण से, तीन शाहपुर से, एक-एक भिवंडी, उल्हासनगर और गोवंडी (मुंबई में) से थे, जबकि एक मरीज किसी अन्य जगह से और एक अज्ञात था। आयुक्त ने कहा कि मृतक मरीजों में से 12 की उम्र 50 वर्ष से अधिक थी। इससे पहले, दिन में महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत और स्थानीय पुलिस उपायुक्त गणेश गावड़े ने छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 17 मरीजों की मौत होने की जानकारी दी थी।

निगम आयुक्त अभिजीत बांगर ने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्थिति के बारे में जानकारी ली और एक स्वतंत्र जांच समिति के गठन का आदेश दिया, जिसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य सेवा आयुक्त करेंगे। उन्होंने बताया कि जांच समिति में कलेक्टर, निगम प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और सिविक सर्जन समेत अन्य शामिल होंगे। बांगर ने कहा कि यह समिति मौतों के नैदानिक पहलू की जांच करेगी। उन्होंने बताया कि मृतक मरीजों को गुर्दे की पथरी, पक्षाघात, अल्सर, निमोनिया, केरोसिन विषाक्तता, सैप्टीसीमिया आदि जैसी समस्याएं थीं। आयुक्त ने कहा, ''उपचार के क्रम की जांच की जाएगी और मृतकों के परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। कुछ परिजनों द्वारा लगाया गया लापरवाही का आरोप एक गंभीर मामला है, जिस पर जांच समिति गौर करेगी।'' उन्होंने कहा, ''कोविड ड्यूटी में तैनात सभी 500 कर्मचारियों को संबंधित अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है और अतिरिक्त नर्सिंग स्टाफ नियुक्त किया गया है।'' वहीं, मंत्री सावंत ने कहा कि अस्पताल के डीन को इस मामले में दो दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। पुलिस उपायुक्त गणेश गावड़े ने कहा, हमें बताया गया है कि प्रति दिन का औसत आंकड़ा छह से सात है। कुछ मरीज गंभीर अवस्था में वहां पहुंचे थे और उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कुछ बुजुर्ग थे। इतनी अधिक संख्या में मौतों के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए हमने अस्पताल में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी है।''

राकांपा नेता और क्षेत्र के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने अस्पताल में कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए। अस्पताल का दौरा करने वाली राज्य मंत्री अदिति तटकरे ने मौतों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि महाराष्ट्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करेगी कि ऐसी घटना दोबारा न हो।

# मणिपुर हिंसा : 9 और मामलों की जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर हिंसा से जुड़े 9 और मामलों की सीबीआई जांच करेगी। जांच एजेंसी के पास अब कुल 17 मामले हैं। सीबीआई ने अब तक 8 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें मणिपुर में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न से संबंधित दो मामले भी शामिल हैं।

अधिकारियों का कहना है कि जांच एजेंसी के पास और मामले भी आ सकते हैं। इसमें खासकर महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न, कुकी महिला के वायरल वीडियो के मामले शामिल होंगे। इसके अलावा 9 अगस्त को मैतेई महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया था। इसकी जांच भी सीबीआई को दी जा सकती है। दरअसल केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मणिपुर में 6523 एफआईआर दर्ज की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि राज्य में समाज जातीय आधार पर बंटा हुआ है, ऐसे में जांच एजेंसी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### *एसआईटी की 42 टीमें भी करेंगी जांच*

*सुप्रीम कोर्ट ने 7 अगस्त को कहा था कि मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों की 42 स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीमें (एसआईटी) जांच करेंगी। इन एसआईटी के काम की निगरानी डीआईजी रैंक का अधिकारी करेगा। ये अफसर मणिपुर के बाहर का होगा। डीआईजी रैंक का एक अफसर 6 एसआईटी की निगरानी करेगा।*

### *हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा मौतें*

*मणिपुर हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें 3-5 मई के बीच 59 लोग, 27 से 29 मई के बीच 28 लोग और 13 जून को 9 लोगों की हत्या हुई थी।*

## सार-समाचार

### प्रदेश का 53वां जिला बना मऊगंज, आदेश जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश का 53वां जिला रीवा जिले का मऊगंज होगा। मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी तहसील को मिलाकर यह जिला बनाया गया है। राजस्व विभाग ने आज जिला गठन का आदेश जारी कर दिया। इसका मुख्यालय मऊगंज रहेगा। राज्य शासन ने अजय श्रीवास्तव को कलेक्टर और वीरेंद्र जैन पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 4 मार्च को जन कल्याण कार्यक्रम में मऊगंज को जिला बनाने और 15 अगस्त को राष्ट्र ध्वज फहराने की घोषणा की थी। 6 अप्रैल को नए जिले के गठन की प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर दावें-आपत्ति बुलाए गए। इनका निराकरण कर बीते शुक्रवार को राजस्व विभाग ने कैबिनेट ने नए जिले के गठन और कलेक्टर सहित अन्य पदों के सृजन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। बैठक में स्वीकृति मिलने के बाद रविवार को राजस्व विभाग ने नए जिले के गठन के आदेश जारी कर दिए। राजपत्र में प्रकाशन के साथ ही नए जिले का गठन हो जाएगा। इसके रीवा जिले में हुजूर, हुजूरनगर, जवा, त्योंधर, रायपुर, कर्चुलियान, गुढ़, सिरमौर, सेमरिया और मनगंवा तहसीलें रहेंगी।

**अजय श्रीवास्तव को कलेक्टर, वीरेंद्र जैन को पुलिस अधीक्षक बनाया**

### 8 लाख की इनामी महिला नक्सली ने किया समर्पण

**सुकमा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर जिले के सरहदी इलाके में बीते सत्रह वर्ष से सक्रिय रही आठ लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली माड़वी मल्ले उर्फ गंगी ने पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के सामने बिना हथियार के आत्म समर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल पुलिस अधीक्षक के समक्ष समर्पण करने वाली गंगी नक्सली संगठन में बतौर पीएलजी बटालियन सदस्य काम कर रही थी। पुलिस अधीक्षक ने महिला नक्सली को 25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि का चेक भी दिया।

### तरनतारन से टूटा हुआ ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़, एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने विशेष सूचना पर संयुक्त रूप से रविवार को पंजाब के तरनतारन जिले में तलाशी अभियान चलाया और एक टूटा हुआ ड्रोन बरामद किया। बीएसएफ ने कहा कि ड्रोन को प्लास्टिक की बोरी में रखकर लखना गांव के पास ईंटों से बांध दिया गया था। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर है। एक अन्य संयुक्त तलाशी अभियान में, अमृतसर जिले के धनोए कलां गांव के खेतों से पीले चिपकने वाले टेप में लिपटा हुआ मादक पदार्थों का एक पैकेट बरामद किया गया, जिसमें 530 ग्राम हेरोइन होने का संदेह है।

### चोरी के आरोपियों को पेड़ से बांधकर बाल काटे

**इंदौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में सरिया चोरी के दो आरोपियों को भीड़ ने पकड़ कर पीटा फिर पेड़ से बांधा और उनके बाल भी काट दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की सिलिकॉन सिटी के पास स्थित स्टार कॉलोनी का है, जहां की एक निर्माण अधीन इमारत में कुछ युवकों ने शनिवार की रात सरिया चुराने की नीयत से धावा बोला। आसपास के लोगों को जब इस बात की जानकारी लगी तो उन्होंने द्वारिकापुरी में रहने वाले कुणाल और संतोष को पकड़ लिया। दोनों की पिटाई की मगर यह दोनों भागने लगे तो उन्हें भीड़ ने पड़कर पहले पेड़ से बांधा और पिटाई करने के साथ उनके बाल भी काटे।

### हैदराबाद में 60 लाख का सोना जब्त

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने रविवार को दो हवाई यात्रियों से लगभग 60 लाख रुपए मूल्य का एक किग्रा सोना जब्त किया। रैंडम एक्स-बीआईएस मशीन का उपयोग करके उनके सामान की जांच की।

भरोसे के सम्मेलन में बोले खड़गे

# कांग्रेस सरकारों ने देश को आगे बढ़ाया



## नेहरू व सरदार पटेल ने सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूती देने का काम किया

**रायपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस की सरकारों ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया। जांजगीर-चांपा जिले में आयोजित भरोसे के सम्मेलन में खड़गे ने कहा, आजादी के बाद से हमने एम्स बनाया, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी खोली। बड़े बड़े कारखाने, टेक्सटाइल यूनिट बनाए, औद्योगिकरण को बढ़ावा दिया। देश को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा, पंडित जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पब्लिक सेक्टर को मजबूती देने का काम किया। किंतु आज स्थिति बदल रही है।

खड़गे ने आगे कहा, भांगड़ा नागल, हीराकुंड बांध से लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र हमारी सरकार ने बनाया है। छत्तीसगढ़ में भिलाई स्टील प्लांट की नीव हमारी सरकार ने रखी। हमारी सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाकर गरीब एवं आम जनता को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराया। पिछले 70 सालों में हमने जो शिक्षा की बुनियाद रखी उसी बुनियाद पर चलकर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने। छत्तीसगढ़ सरकार के भरोसे के सम्मलेन का जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा, यह भरोसे का सम्मेलन इसलिए हो रहा है क्योंकि आपके मुख्यमंत्री और उनके नेतृत्व की सरकार ने आपसे जो वादा किया था उसे पूरा किया।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व की सरकार ने जो आपको भरोसा दिया उसे पूरा करके दिखाया। छत्तीसगढ़ सरकार निडर होकर गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### एम्स बनाने को लेकर झूठ बोल रहे हैं मोदी : खड़गे-राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते कहा है कि वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स खोलने को लेकर झूठ बोल रहे हैं और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। श्री खडगे ने कहा, लूट और जुमलों ने देश को किया अस्वस्थ, मोदी जी के हर शब्द में केवल झूठ ही कंठस्थ। दावा किया कि बनायें हैं एम्स कई सारे, सच्चाई है कि डॉक्टर-स्टाफ की भारी कमी से जूझे एम्स हमारे। उन्होंने कहा, मोदी जी, कोरोना महामारी में उदासीनता से लेकर, आयुष्मान भारत में घपलेबाजी तक ज्आपकी सरकार ने देश के स्वास्थ्य सिस्टम को बीमार बनाया है। जनता जाग चुकी है, आपका छल-कपट पहचान चुकी है, आपकी सरकार की विदाई की घड़ी आ चुकी है। श्री गांधी ने कहा, एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठ बोला है। उन्होंने कहा- दरभंगा में एम्स खुल गया है।लेकिन दरभंगा में एम्स है ही नहीं। आपको क्या लगता है। पीएम मोदी इतना झूठ क्यों बोलते हैं।

उमंग और उत्साह के साथ निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

# तिरंगामय हुआ बुधनी

## सौ से अधिक मंचों से किया गया मुख्यमंत्री का स्वागत, की कई घोषणाएं



- प्रतिभाशाली बेटे और बेटियों को 23 अगस्त को मिलेगी ई-स्कूटी
- रसोइयों का मानदेय दोगुना होगा
- जल्दी ही अतिथि शिक्षकों की पंचायत बुलाई जाएगी

**बुधनी मेडिकल कॉलेज सहित भेरूंदा-बुधनी-रेहटी राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे ब्रिज का भूमि-पूजन**

**भोपाल, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा अभियान में आज बुधनी में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज ही बुधनी में एक अन्य कार्यक्रम में विकास पर्व के तहत 714 करोड़ 91 लाख की लागत वाले 500 बिस्तर के मेडिकल कॉलेज, 284 करोड़ 16 लाख लागत के बुधनी-भेरूंदा-रेहटी राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण और रेलवे अंडर ब्रिज 8 करोड़ 15 लाख का भूमि-पूजन करने के बाद एक बड़ी जनसभा में संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ श्रीमती साधना सिंह, कार्तिकेय चौहान तथा सांसद रमाकांत भार्गव और स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्रा, नगरवासी तथा जन-प्रतिनिधि हाथों में तिरंगा लेकर और भारत माता की जय तथा वंदे-मातरम का उद्घोष करते हुए शामिल हुए। नगरवासियों ने पूरे रास्ते पुष्प-वर्षा कर मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिनंदन किया। यात्रा के लिए स्वागत मंचों को फूलों, स्वागत द्वारों और तिरंगे के रंग में रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनका अभिवादन किया। तिरंगा यात्रा में इसके पहले बड़ी संख्या में युवाओं, बच्चों, महिलाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने अपने घरों की छत और बालकनी से पुष्प-वर्षा कर मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिनंदन किया। चारों ओर ये देश है वीर जवानों का, ऐ वतन-वतन मेरे आजाद रहे तू, मेरे देश की धरती, ये देश है वीर जवानों का जैसे देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई दे रही थी। अनेक मंचों पर विद्यार्थियों ने अमर शहीदों की वेशभूषा धारण कर वीर शहीदों की याद दिलाई। यात्रा के दौरान बुधनी जनपद की अनेक ग्राम पंचायतों ने 100 से अधिक मंचों से मुख्यमंत्री श्री चौहान का आत्मीय स्वागत किया। अनेक मंचों से लाड़ली बहना योजना, बुधनी मेडिकल कॉलेज सहित अन्य सौगाते देने के लिए हाथों में तख्ती लेकर नागरिकों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इस दौरान अनेक धार्मिक संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा संगठनों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

# 3 वर्षों में 508 भारतीय कैदी पाक से लाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2020 से 2023 के बीच पिछले तीन वर्षों में 508 भारतीय कैदियों को पाकिस्तान से वापस लाया गया है, जबकि भारत ने इसी अवधि के दौरान 143 पाकिस्तानी कैदियों को वापस भेजा है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, 1 जुलाई को दोनों देशों के बीच एक्सचेंज किए गए कैदियों की लिस्ट के अनुसार, 266 भारतीय मछुआरे और 42 नागरिक कैदी पाकिस्तानी हिरासत में हैं। जबकि भारतीय हिरासत में पाकिस्तान के 343 नागरिक और 74 मछुआरे हैं। 21 मई 2008 को हस्ताक्षरित भारत-पाकिस्तान 'कॉन्सुलर एक्सेस पर समझौते' के अनुसार, प्रत्येक देश की जेलों में बंद कैदियों की लिस्ट का आदान-प्रदान हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को किया जाता है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने पाकिस्तान की हिरासत से नागरिक कैदियों और मछुआरों को उनकी नौकाओं सहित जल्दी रिहाई और स्वदेश वापसी का आह्वान किया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने आगे बताया कि वह पाकिस्तानी हिरासत में भारतीय कैदियों के कल्याण, सुरक्षा और संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि जैसे ही पाकिस्तान द्वारा भारतीय नागरिकों को पकड़ने के मामले सामने आते हैं, इस्लामाबाद में भारतीय मिशन द्वारा पाकिस्तान सरकार से राजनयिक पहुंच की मांग के लिए तत्काल कदम उठाए जाते हैं। कॉन्सुलर एक्सेस के दौरान, भारतीय उच्चायोग के अधिकारी पाकिस्तानी जेलों में भारतीय कैदियों से मुलाकात करते हैं और उनका हालचाल जानते हैं। साथ ही अधिकारी उन्हें दैनिक उपयोग की कल्याणकारी वस्तुएं देते हैं। भारतीय कैदियों को उनकी शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए कानूनी सहायता सहित हर संभव सहायता प्रदान की जाती है।

**266 भारतीय मछुआरे व 42 नागरिक पाकिस्तानी हिरासत में**

लोक लेखा समिति ने उपकरों की समीक्षा का दिया सुझाव

# उद्देश्य पूरा होने पर उपकरों को समाप्त करने के हो प्रावधान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक उच्च स्तरीय संसदीय समिति ने सरकार को उपकरों (सेस) को समाप्त करने के प्रावधान जोड़ते हुए उनकी समय-समय पर समीक्षा के लिए एक क्लॉज शामिल करने की सलाह दी है, ताकि यदि उनके उद्देश्य प्राप्त हो गए हैं तो उन्हें बंद करने पर विचार किया जा सके।

लोक लेखा समिति (पीएसी) ने उपकरों और करों पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि चूंकि करों, उपकरों और लेवी का बोझ अंततः आम आदमी पर पड़ता है, इसलिए समय-समय पर उपकरों की समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि लक्षित उपलब्धि के स्तर का आंकलन कर इसकी एक विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की जा सके। पैनल ने यह भी देखा कि चूंकि उपकर केवल विशिष्ट उद्देश्यों के लिए लगाए जाने हैं, इसलिए उनके लगाने और संग्रह के लिए व्यापक और सामान्य भाषा के उपयोग से आय के उपयोग में विसंगतियां हो सकती हैं। विशिष्टता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, समिति का विचार है कि उपकर अच्छी तरह से परिभाषित उद्देश्यों और सीमित अवधि के लिए लगाया जाना चाहिए।

- करों, उपकरों का आम आदमी पर पड़ता है बोझ
- समय-समय पर उपकरों की होनी चाहिए समीक्षा

### 13वें वित्त आयोग की सिफारिश पर भी प्रकाश डाला

इसमें 13वें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश पर भी प्रकाश डाला गया है कि केंद्र सकल कर राजस्व में अपना हिस्सा कम करने के लिए अधिभार और उपकर की समीक्षा करेगा। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व वाली समिति ने कहा कि चूंकि प्रत्येक उपकर के लिए कानून में निहित उपकर के उद्देश्यों की प्राप्ति के संबंध में विचार-विमर्श की आवश्यकता हो सकती है, इसलिए सभी एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। लेखांकन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में शामिल है ताकि जहां भी चिंताएं और मुद्दे उत्पन्न हों, उन्हें प्रारंभिक चरण में उजागर किया जा सके और एक विशिष्ट समय सीमा के भीतर तुरंत हल किया जा सके।

## सार समाचार

### सहरिया आदिवासियों के बीच पहुंची एकता परिषद, जानी समस्याएं

**गुना, देशबन्धु।** एकता परिषद द्वारा बमोरी क्षेत्र के ग्राम राई, मारकीमहू, जालिया, कदौंरा एवं दुर्गापुर का भ्रमण कर आदिवासियों की समस्याएं जानी। परिषद जिला संयोजक सूरज सिंह सहित अन्य ने इन गाँवों के लोगों के साथ बैठक कर समस्या पर बातचीत की गई। इस मौके पर स्थानीय रहवासी सहरिया आदिवासियों ने बताया कि बताया कि इस जमीन पर उनका पूर्वजों के समय से कब्जा है और खेती करते हैं। लेकिन वन भूमि का पट्टा नहीं मिला है और कुटीर नहीं मिलीं। इसके अलावा विकलांग, विधवा पेंशन भी नहीं मिलती है। इन पांचों गांवों में सबसे ज्यादा समस्या वन भूमि पट्टे, कुटीर को लेकर है। परिषद के कार्यकर्ता भारत सिंह, नंदकिशोर ने बताया कि इस तरह के मामले सभी गांवों एवं पूरे बमोरी विधानसभा क्षेत्र में हैं। इन समस्याओं को लेकर परिषद शीघ्र ही कलेक्टर, एसडीएम एवं जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को ज्ञापन सौंपेगी। आगामी 25 अगस्त को शहर में रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि जिला प्रशासन जल्द से जल्द समस्याएं का हल नहीं करती है आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान भारत सिंह, नंदकिशोर, राजाराम मुखिया, पहलवान, रामसिंह, मुन्ना, चिरोंजी, वीरेंद्र, आशाराम, जगदीश, शिवराज, रघुवीर आदि लोग सम्मिलित रहे।

### स्वतंत्रता दिवस से पहले हुई परेड की फायनल रिहर्सल

**गुना, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस पर लाल परेड पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियां पिछले काफी समय से चल रही है। जिसकी अंतिम रविवार को की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को मनाये जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह समारोह पुलिस लाईन के लाल परेड मैदान पर आयोजित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस से पहले रविवार को प्रात: लाल परेड मैदान पर एसपी राकेश कुमार सगर, एडीएम मुकेश कुमार शर्मा एवं एएसपी अनिल पाटीदार की उपस्थिति में परेड की अंतिम रिहर्सल की गई। इस दौरान अंतिम रिहर्सल ठीक उसी प्रकार की कई, जो 15 अगस्त को मुख्य कार्यक्रम के दौरान की जानी है। बाकायदा डमी मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया, सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण किया। वहीं हर्ष फायर की कार्यवाही की गई। परेड में पुलिस, एसएएफ, होमागार्ड के प्लाटूनों के अलावा एनसीसी, स्काउट गाइड सहित कुल 13 प्लाटूनों को शामिल किया गया है। रिहर्सल में डमी मुख्य अतिथि एडीएम मुकेश कुमार शर्मा रहे। इस दौरान स्कूली छात्र, छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गईं। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को लाल परेड ग्राउंड पर मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया प्रात: 9 बजे मैदान पर पहुंचेगें और ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे ।

सेवा के नाम पर संचालित सद्गुरु के डॉक्टरों ने हाथ तक नहीं लगाया, आरोन में ड्रिप चढ़ाकर कर दिया रैफर

# सर्पदंश से मासूम की मौत, 3 अस्पतालों में भागदौड़ करने के बाद भी समय पर नहीं मिल सका उपचार

**गुना, देशबन्धु।** जिला सहित आसपास के अंचलों में सर्पदंश के लगातार मामले बढ़ रहे हैं। कभी झाडफूंक तो कभी समय पर डॉक्टरों का ईलाज नहीं मिलने पर लोग दम तोड़ रहे हैं। अब पड़ोसी जिले विदिशा में रहने वाली एक ढाई साल की बच्ची की मौत समय पर उपचार नहीं मिल पाने के कारण हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आनंदपुर लटेरी के पास ग्राम नरखेड़ा जागीर में रहने वाली रश्मि बाई पुत्री महेन्द्र सिंह सहरिया को आज रात 1 बजे के करीब जहरीले सांप ने काट लिया। जिसके बाद परिजन तत्काल उसे लेकर आंनदपुर चिकित्सालय लेकर गए। लेकिन यहां कथित सेवा के नाम पर संचालित उक्त अस्पताल में डॉक्टर्स एवं स्टॉफ ने बच्ची का प्राथमिक उपचार तो दूर हाथ लगाना तक जरूरी नहीं समझा। जिसके बाद परिजन उसे गंभीर हालत में आधी रात को ही मोटर सायकिल पर रखकर आरोन प्राथमिक स्वास्थ्य पहुंचे। यहां बच्ची को भर्ती कर मात्र एक ड्रिप लगाकर उसे एम्बुलेंस से गुना रैफर कर दिया। इस भागदौड़ में लगभग चार घंटे से अधिक समय लग गए और सुबह जिला अस्पताल पहुंचते-पहुंचते मासूम बच्ची ने दम तोड़ दिया। सर्पदंश से हुई बच्ची की मौत के बाद सेवा के नाम पर संचालित सद्गुरु अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सर्पदंश के मामलों में मिलने वाले तत्काल उपचार के दावों की भी पोल खुल गई।



जबकि एक ही दिन पहले ही स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ द्वारा सर्पदंश के मामलों में एडवाईजरी जारी कर सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर एन्टीस्नेक वीनम के साथ अन्य सुविधाएं होने का दावा किया था।

इस बारे में मृत बच्ची के परिजनों ने बताया कि घटना शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात 1 बजे की है। जब बच्ची रश्मि अपने माता-पिता के साथ जमीन पर सो रही थी। इस दौरान करीब तीन फुट लंबे सांप ने उसे डस रखा था। परिजनों ने बच्ची के हाथ को सांप से छुड़ाने की कोशिश की। लेकिन काफी देर तक सांप बच्ची के हाथों को मुंह में दबाएं रखा। जिसे परिजनों ने बेमुश्किल छुड़ाया। परिजनों के अनुसार सांप को बाहर फेंकने के बाद फिर से वह अंदर आकर बच्ची के पास पहुंचने की कोशिश की। जिसके बाद परिजनों ने सांप को मार दिया। फिर बच्ची को तत्काल मोटर सायकिल से सद्गुरु अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां भगवान की मूर्ति माने जाने वाले डॉक्टरों ने मासूम को हाथ तक नहीं लगाया। इस दौरान स्टॉफ ने इलाज करने से इंकार करते हुए कहा कि यहां बच्चों के डॉक्टर नहीं है और कहीं ले जाओ। जिसके बाद पीड़ित आरोन शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से रैफर करने के बाद तडक़े 4 बजे उसने दम तोड़ दिया। यहां रविवार सुबह बच्ची के शव का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# जमीन विवाद में बड़े भाई और भतीजों ने की मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत ग्राम गुंजारी में जमीनी विवाद में बड़े भाई और भतीजे ने छोटे भाई के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी आशाराम पुत्र हरचन्द अहिरवार (58) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस दोपहर में वह अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी उसका बड़ा भाई बापूलाल अहिरवार व उसका लडका हेमराज अहिरवार आए और जमीनी विवाद में गाली गलौंच कर मारपीट करने लगे। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बड़े भाई और भतीजे पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

इसी तरह विजयपुर थानांतर्गत ग्राम घरेलू विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी दीपू पुत्र चिरोंजीलाल अहिरलार ने बताया कि गत दिवस रात में उसका तथा उसके बड़े भाई बंटी अपने घर के सामने आपस में झगडा कर रहे थे। इसी बात को लेकर हरिसिह अहिरवार उसका लडक़ा जितेन्द्र अहिरवार, चाचा बुन्देल अहिरवार तीनों बोले तुम आपस में लडाई झगडा क्यों कर रहे हो तो मैंने कहा हम दोनों भाई भाई हैं। इसी बात पर तीनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने युवक की शिकायत पर तीनों पर मामला दर्ज किया है।

### अस्पताल से घर जा रही महिला को बाईक ने मारी टक्कर

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत रेलवे स्टेशन तिराहे पर पैदल जा रही एक महिला को तेज रफ्तार आ रही बाईक ने टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया आरामबाई पत्नी महेश केवट निवासी मेडीकल का बगीचा श्रीराम कालोनी ने बताया कि रविवार सुबह 11.30 बजे वह अपनी मुंह बोली बहन कौशल्या सहरिया के साथ जिला अस्पताल से अपने घर श्रीराम कालोनी जा रही थी। तभी नवलोक होटल के सामने पहुेचे तो सामने से मोटरसाईकल क्र. एम पी 08 एमडब्ल्यु 2338 के चालक अपनी मोटरसाईकल को तेजी व लापरवाही से चलाकर लाया टक्कर मार दी। जिसमें आरामबाई को हाथ-पैरों में चोटें आई हैं। पुलिस ने महिला की शिकायत पर बाईक चालक पर मामला दर्ज किया है।

# जिले में पहली बार निकली स्केटिंग के साथ तिरंगा रैली



**गुना, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से पूर्व शासन के निर्देश अनुसार जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली एवं घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को गुना कलेक्टर तरुण राठी के निर्देशन में जिला रोलर स्केटिंग संघ गुना द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

जिला कलेक्ट्रेट से रैली का प्रारंभ जिला रोलर स्केटिंग संघ गुना के अध्यक्ष विकास जैन ने हरी झंड़ी दिखाकर किया। रैली में बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए वह साथ चले। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ होकर हनुमान चौराह होते हुए पुन: कलेक्ट्रेट में रैली का समापन हुआ। बता दें कि स्केटिंग के साथ तिरंगा रैली गुना जिले में पहली बार निकाली गई। जिसमे छोटे-छोटे बच्चों ने स्केटिंग करते हुए हाथ में तिरंगा और भारत माता के जयकारों के साथ चले। रैली समापन के पश्चात् जिला रोलर स्केटिंग संघ के अध्यक्ष श्री जैन ने सभी स्केटरों को फल एवं टॉफी वितरित की।

रैली में लगभग 80 के करीब स्कैंटरों ने भाग लिया यह तिरंगा रैली 15 अगस्त से पहले हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा के रुप में एवं आजादी का अमृत महोत्सव के रुप में मनाया जा रहा है।

### सिरसी पुलिस ने निकाली मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा

**गुना, देशबन्धु।** आजादी की 76वीं वर्षगांठ को पूरे भारत देश में आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोगों द्वारा उमंग और उत्साह के साथ तरह-तरह से तिरंगा यात्राऐं निकाली जा रहीं हैं एवं इस दौरान एक विशेष अभियान हर घर तिरंगा अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसके तहत लोगों द्वारा अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में एसपी राकेश कुमार सगर के दिशा निर्देशन एवं एएसपी अनिल कुमार पाटीदार के मार्गदर्शन में गुना पुलिस द्वारा तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। इसी सिलसिले में रविवार को एसडीओपी गुना युवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सिरसी थाना प्रभारी कृपाल सिंह परिहार व उनके थाना स्टॉफ तथा स्थानीय वन विभाग की टीम द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की थीम पर बडे ही मनमोहक अंदाज में थाना क्षेत्र में मोटर सायकिल तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों में देश के प्रति समर्पित रहने का संदेश देते हुये हर घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिये प्रेरित किया गया। वहीं हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्रामीणों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की गई। पुलिस की इस तिरंगा यात्रा से अभिभूत होकर ग्रामीणों द्वारा यात्रा का जगह-जगह जोरशोर से स्वागत किया गया। इसी प्रकार हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी पुलिस द्वारा तिरंगा यात्राएं निकाली जाकर लोगों में देश प्रेम की भावनाएं जागृत की गईं।

### पटवारियों की बैठक संपन्न



**गुना, देशबन्धु।** पटवारी संघ तहसील गुना की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन निजी गार्डन में किया गया। बैठक में पटवारी कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर इनके समाधान की रणनीति बनाएंगे। जिसमें पटवारियों के समय पर वेतन एवं वेतन वृद्धि, समयमान वेतनमान, सर्विस बुक की वार्षिक प्रतिलिपि, सिविल सूट में अभिभाषक का व्यय, रिटायर्ड बाबूओं की स्थाई विदाई, कुछ पटवारी साथियों की पुरानी वेतन, तहसील में पटवारियों के बैठने का स्थान निर्धारण, शौचालय की व्यवस्था, तहसील से स्थानांतरित पटवारियों को विदाई और स्वागत, पटवारियों का सेवा में स्थाईकरण, प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

### फसलों के बीमा हेतु 14 अगस्त को करेरा में आयोजित होंगे शिविर

**शिवपुरी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खरीफ 2023 में अऋणी कृषकों के फसल बीमा कराये जा रहे है। शासन द्वारा बीमा कराने की अंतिम तिथि 16 अगस्त निर्धारित की गई है। अऋणी कृषकों की अधिसूचित फसलों के बीमा हेतु 16 अगस्त तक प्रत्येक तहसील में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक यू.एस.तोमर ने बताया कि अऋणी कृषक जिले की अधिसूचित फसल जो पटवारी हल्का स्तर पर सोयाबीन फसल है। जिसकी प्रीमियम राशि 6847 रूपए प्रति हेक्टेयर एवं धान सिंचित फसल की 800 रूपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है।

# जन सेवा मित्रों ने पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर निकाली तिंरगा रैली



**सीहोर, देशबन्धु।** सीहोर मुख्यालय में स्थित चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर पूर्व सैनिकों और जनसेवा मित्रो ने भारत माता के जयकरों से शहर के मुख्य चौराहों से तिंरगा यात्रा निकाली यह तिंरगा यात्रा पीजी कॉलेज से प्रारंभ होकर अटल चौक पहुंची जहां अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत माता की जयकरों के साथ रैली को आगे बढ़ाया गया और यह विशाल वाहन रैली सेन चौराहा, नदी चौराहा से होते हुए टाउन हॉल पहुंची जहां भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा कर राष्ट्र गान के साथ रैली का समापन किया गया। इस विशाल वाहन रैली में जनसेवा मित्रों ने पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर निकाली तिंरगा रैली का मार्गदर्शन जिला संयोजक पूर्व सूबेदार संजय कुलकर्णी, एक्स सर्विस मैन लीग सीहोर के उपाध्यक्ष पूर्व सैनिक हुकम सिंह, पूर्व सैनिक मुकेश इटावडिया समस्त पूर्व सैनिक व जिला पंचायत सदस्य शंकर सिंह पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह सहित सीएम फैलो आभा दूबे जनसेवा मित्र मोहित, आशीष व शिवानी, अनुष्का (रा.से.यो स्वयंसेवक) पुजा, संध्या, अंजू, मुस्कान, नितिन, सचिन, अभिषेक, मेघा, सोनिया, ज्ञानेश्वर, सहित सीहोर विकास खंड के सभी जनसेवा मित्र सम्मलित रहे और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

### नपा अध्यक्ष का स्वागत किया



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर पालिका अध्यक्ष अध्यक्ष श्रीमति हेमकुवर रायसिंह मेवाड़ा के 1 वर्ष कार्यकाल सफलता पूर्ण होने पर साफा फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया उनके साथ पार्षद डॉ सलीम खान, पार्षद कमलेश जैन, पार्षद रवि शर्मा का भी माला पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर जुगल किशोर मालवीय राधेश्याम हरदेव मेवाड़ा संतोष विश्वकर्मा वैभव मेवाड़ा महेश जैन महेश राठौड़ कमलेश जैन ने एक पर सफलता कार्यकाल पूर्ण होने पर पूर्ण होने पर स्वागत किया।

# वीर योद्धा की जयंती पर निकले चल समारोह का नपा ने किया स्वागत



**आष्टा, देशबन्धु।** राठौर समाज के वीर शिरोमणी योद्धा दुर्गादास की 385वी जयंती के अवसर पर राठौर समाज द्वारा गाजे-बाजे उत्साह के साथ चल समारोह निकाला गया. चल समारोह गायत्री मंदिर से प्रारम्भ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ कालोनी चौराहा पहुंचा जहा चल समारोह का स्वागत हुआ. कालोनी चौराहा पर नगरपालिका द्वारा मंच बनाकर चल समारोह में आकर्षक रथ पर विराजित वेवर योद्धा दुर्गादास को नमन करते हुवे उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया साथ ही देवनखेड़ी देव दरबार का साफा बाँधकार व पुष्पमाला पहनाकर विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने स्वागत सम्मान किया।

वही चल समारोह में शामिल समाज अध्यक्ष वीरेंद्र राठौर, पार्षद तेजसिंह राठौर, अनिल राठौर, मुकेश राठौर, संजय राठौर, दीपक राठौर, सुनील राठौर, देवकरण राठौर, रुपेश राठौर, फूलचंद राठौर, महेश राठौर आदि का स्वागत सम्मान किया।

इस अवसर पर विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खा, पार्षदगण डॉ सलीम, सुभाष नामदेव, तारा कटारिया, रविवार शर्मा, विशाल चौरसिया, सुमित मेहता, बसंत पाठक, नीलेश खंडेलवाल, भागवत मेवाड़ा, मनीष धारवा, राजा कलेक्टर, कमल ताम्रकार, आदि मौजूद थे।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान वसुधा वंदन के लिए हुआ वृक्षारोपण दिलाई शपथ

**शिवपुरी, देशबन्धु।** मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जनपद कोलारस के ग्राम पंचायत टीला में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस मौके पर विधायक वीरेंद्र रघवंशी, ज़िला पंचायत अध्यक्ष नेहा अमित यादव, कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत के सीईओ उमराव सिंह मरावी, एडीएम विवेक रघुवंशी सहित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरवीर रघुवंशी अन्य जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के साथ आईटीबीपी की टीम और ग्रामीणजनों की भागीदारी रही।

कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा कोलारस अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा लगभग 100 तालाबों बनाये गए हैं। अभी अभियान में नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करने और पौधे लगाने के लिए प्रेरित भी किया और जल निगम के अधिकारियों द्वारा कोलारस विधानसभा अंतर्गत लगभग 10,000 पौधे लगाने का संकल्प लिए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा अमित यादव ने कहा कि अमृत सरोवर तालाब अंतर्गत लगाए जाने वाले वृक्षों को प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय नागरिक भी उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। जिससे भविष्य में यह वृक्ष बड़े होकर पर्यावरण को शुद्ध करने में एवं सुरक्षित रखने में सहायक बनें हमें वृक्षों को काटने से रोकना है और अन्य लोगों को भी वृक्ष लगाने के प्रति जागरूक करना है।

कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि वृक्षारोपण कीजिए। वृक्ष हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि अचानक से होने वाले भूस्खलन, तेज बारिश का होना आदि घटनाएं तेजी से काटे जा रहे वृक्षों के कारण ही हो रही हैं। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और वृक्षारोपण के लिए चलाए जा रहे इस अभियान में सभी को भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया।

**वसुधा वंदन के लिए वृक्षारोपण :** मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत टीला में वसुधा वंदन के लिए वृक्षारोपण हुआ। शिलाफलक के साथ सभी ने वीरों को नमन किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान और सभी ने पंच प्रण की शपथ ली।

**मानव श्रृंखला बनाकर दिया देशभक्ति का संदेश :** हर घर तिरंगा अभियान के तहत अमृत सरोवर पर मानव श्रृंखला बनाकर देश भक्ति का संदेश दिया गया। जनप्रतिनिधि सहित गांव की महिलाएं इसमें शामिल हुई। सभी ने भारत माता की जय नारे के साथ रैली निकालकर मानव श्रृंखला बनाई।

# दुर्गादास जयंती पर राठौर समाज ने निकाला चलसमारोह

*__सीहोर, देशबन्धु।__ राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 385 वी रजयंती के शुभ अवसर पर राठौर क्षत्रीय समाज सीहोर ने भव्य चल समारोह गंज स्थित राठौर धर्मशाला में ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय गीत (जनगणमन) एवं उपस्थित गणमान्य समाज बन्धुओं का साफा बांधकर पुष्पहारों से सम्मानित किया गया। राठौर पार्क में राष्ट्रवीर जी की प्रतिमा पर भव्य पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ एवं आतिशबाजी की गई। ठीक 11 बजे सर्व प्रथम घुड़सवार के साथ बग्गी में शहर एवं समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं दानवीर को ससम्मान बैठाया गया। भारी जनसमुदाय महिला, पुरुष एवं युवा हजारों की संख्या में शामिल हुए। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री मनोज राठौर (भोपाल), महेश राठौर, कमल सिंह (दिल्ली), वरेन्द्र सिंह पत्रकार (ग्वालियर) के साथ अध्यक्ष सतीश राठौर के साथ सीहोर नगर के गणमान्य नागरिक विधायक सुदेश राय, रमेश सक्सेना, जसपाल सिंह अरोरा, डॉ.बलवीर तोमर, सन्नी महाजन, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर शामिल रहे।*



*चलसमारोह राठौर पार्क से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकला जहाँ पर नगर के प्रमुख चौराहों पर सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया। चलसमारोह में सर्व प्रथम वर्दी में घुड़सवार, खुली कार में युवा राष्ट्रीय ध्वज एवं भगवा ध्वज के साथ नारेबाजी कर रहे थे एवं भारी संख्या में महिलाऐं सामाजिक उत्थान राष्ट्रगीत एवं नारों से उत्साह वर्धन किया गया। चलसमारोह में स्थानीय एवं नरसिंह बैण्ड सहित ढोल, तासे, मथुरा की रासलीला, भजन मण्डली, झाँकी आकर्षक का केन्द्र रही।*

*चलसमारोह का प्रारंभ से ही लेकर समापन तक स्वागत मंज, नारों ने उत्साह का वर्धन किया। जिसमें यादव समाज, सेन समाज, कोली समाज, वंशकार, सोनकर, कसोटिया समाज, लोधी, ताम्रकार, रमाकांत फैन्स क्लब, सिन्धी एवं भावलपुरी समाज, जिला कांग्रेस, भाजपा, नगर पालिका, हिन्दु उत्सव समिति, सिद्धेश्वर समिति, कालका माता समिति, जैन, अग्रवाल, ब्राह्मण, महेश्वरी, किराना व्यापारी, दमोदर समाज, सोनी समाज, चम्पालाल यादव फेन्स क्लब, सुरेश साबू, शमा मावा भण्डार, राय समाज से राकेश राय, प्रदीप बिजोरिया आदि ने भव्य स्वागत किया।*

*चल समारोह संचालन में मनोज राठौर (उस्ताद) के नेतृत्व में जीतेन्द्र राठौर, अजय राठौर, प्रमोद राठौर, दिलीप राठौर, राजेन्द्र राठौर (कक्का), नरेन्द्र भाईजी, त्रिलोकसिंह राठौर, विवेक राठौर (बजरंग दल), राजेश राठौर (नेताजी), वरिष्ठ नेत्री श्रीमती गीता राठौर, हर्षा राठौर (अध्यक्ष), नूतन राठौर, ओमदीपजी, कुन्दन लाल (दानवीर), ओमप्रकाश राठौर, हरीश राठौर सहित हजारों की संख्या में समाज व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम राम जानकी मंदिर में भव्य आरती, प्रसादी वितरण के साथ समापन हुआ। सम्पूर्ण कार्यक्रम में सहयोग के लिये आभार व्यक्त विशाल राठौर (पार्षद) ने किया।*

# ऑपरेशन के दौरान मरीज के पेट में छोड़ी कैंची

## 4 महीने बाद पेट दर्द होने पर कराया एक्सरे तो हुआ खुलासा

**भोपाल, देशबन्धु।** रभोपाल केयर अस्पताल के चिकित्सकों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इसके तहत एक उन्होंने महिला मरीज का ऑपरेशन करते समय उसके पेट में कैंची छोड़ दी। करीब चार महीने बाद मरीज को जब तकलीफ हुई तो सि मामले का खुलासा हुआ। हालाकि महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छतरपुर नौगांव की रहने वाली 55 वर्षीय अजीज फातिमा का 4 मार्च 2023 को भोपाल केयर अस्पताल में डॉक्टर अभिषेक शर्मा ने पेट में गठान का ऑपरेशन किया था। करीब 4 महीने बाद महिला के पेट में जब लगातार दर्द रहने लगा तो परिजनों ने छतरपुर में डॉ. खरे को दिखाया। उन्होंने अल्ट्रासाउंड और डिजिटल एक्सरे करवाने के लिए कहा। डिजिटल एक्स रे और सोनोग्राफी के बाद पता चला कि महिला के पेट में कैंची है। इतना ही नहीं पेट में कैंची मौजूद होने से महिला के शरीर में संक्रमण फैल गया है। वहां के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन यहां के चिकित्सकों ने उन्हें भोपाल ले जाने केकी ही सलाह दी। इस पर परिजन, महिला को यहां ले आए और भोपाल केयर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उन्होंने पूरे मामले की जानकारी दी तो अस्पताल प्रबंधन ने अपनी गलती मानी और कहा कि हम महिला को बेहतर से बेहतर इलाज देंगे। परिजन अब्दुल जकी के मुताबिक, मरीज को इसी अस्पताल में ऑपरेशन दोबारा करवाना पड़ रहा है क्योंकि दूसरे अस्पताल के चिकित्सकों ने मरीज को लेने से साफ इनकार कर दिया है।



महिला की हालत गंभीर

### हम बेहतर इलाज दे रहे - अस्पताल प्रबंधन

भोपाल केयर अस्पताल के संचालक डॉ. अजय मेहता ने कहा कि चार से पांच महीने पहले ऑपरेशन हुआ था। हमें जैसे ही पता चला तो हमने मरीज को तुरंत भोपाल बुला लिया। मरीज की हालत गंभीर है। पेट में कैंची छोड़ने वाली बात पर उन्होंने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार किया। वही डॉ. अभिषेक शर्मा का कहना है कि, मरीज के पेट से कैंची निकाल दी जाएगी। लेकिन मरीज के बचने की गारंटी नहीं ले सकते हैं।

### परिजनों ने की पुलिस से शिकायत

मरीज के परिजन अब्दुल जकी ने भोपाल केयर अस्पताल के डॉक्टर अभिषेक शर्मा और डॉक्टर तनवीर के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शिकायत की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बालिका गृह की 11 लड़कियों की तबीयत बिगड़ी

## 2 किशोरियों ने बताया- पानी में कुछ मिलाकर पिलाया

**भोपाल, देशबन्धु।** नेहरू नगर स्थित बालिका गृह में रह रहीं 11 लड़कियों की शनिवार देर रात तबीयत खराब हो गई। उल्टी और पेट दर्द की शिकायत होने पर इन्हें जेपी अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल स्टाफ ने बच्चियों को अलग-अलग वार्ड में भर्ती किया है।

कमला नगर थाने के एसआइ मिथिलेश भारद्वाज ने बताया कि शनिवार रात 11 बजे नेहरू नगर बालिका गृह की 11 किशोरियां बीमार हालत में जेपी अस्पताल पहुंची थीं। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस पहुंची। यहां किशोरियों पूछताछ में पता चला कि रात को छात्रावास में खाना खाने के बाद सभी ने पानी पिया। उसके बाद अचानक पेट में दर्द होने के साथ उल्टियां होने लगी थी। उपचार शुरू होने के बाद सभी की हालत में सुधार हैं। फिलहाल पुलिस छात्रावास से भोजन और पानी के नमूने जांच के लिए जब्त कर रही है।

जेपी अस्पताल के अकस्मिकचिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यवान मोड़िया के मुताबिक, बीमार किशोरियों में शामिल दो ने पूछताछ में बताया कि बालिका गृह में रह रहीं दो दूसरी बच्चियों ने पानी में कुछ मिलाया था। इस पानी को पीने के 10 - 15 मिनट के बाद तेज पेट दर्द हुआ। उल्टी - दस्त की शिकायत हुई। कुछ लड़कियां बेहोश भी हो गईं। उन्होंने बताया कि सभी 11 किशोरियों की उल्टी, मूत्र और पेट के पानी का नमूना लिया गया है। इन सभी नमूनों की जांच टॉक्सिकोलॉजी लैब में पुलिस कराएगी। इसके लिए सभी 11 किशोरियों के नमूने हबीबगंज पुलिस को दिए गए हैं।

उधर एसीपीचंद्रशेखर पांडेय ने बताया कि खाना खाने के बाद बच्चियों ने पानी पीया, इसके बाद ही उन्हें पेट दर्द की शिकायत हुई। तीन-चार बच्चियों को उल्टियां हुईं। प्यारे मियां से जुड़ा मामला होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि फिलहाल तो ऐसा नहीं है। बच्चियों ने कोई आरोप नहीं लगाए हैं। उनकी स्थिति सामान्य होने का इंतजार है, इसके बाद उनसे बातचीत करेंगे।

### अभी बच्चियों ने ऐसा कुछ नहीं बताया

मध्यप्रदेश बाल आयोग की सदस्य निवेदिता ने कहा, बच्चियों से शुरुआती बात की तो उन्होंने यही बताया कि खाना खाने के बाद जो पानी पीया, उसी के बाद तबीयत बिगड़ी। फिलहाल जांच की जा रही है। बच्चियों से हम बार-बार बात कर रहे हैं। अभी तक उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया, जिससे यह कहा जाए कि किसी ने पानी में कुछ मिलाया है।

# बिजली कर्मचारियों ने किया आंदोलन



**भोपाल, देशबन्धु।** बिजली कर्मियों ने पुरानी पेंशन लागू करने, निजीकरण पर रोक लगाने समेत कुल 13 सूत्री मांगों को लेकर रविवार को राजधानी भोपाल में आंदोलन किया।

प्रदेश की विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के अंतर्गत इस आंदोलन में प्रदेशभर से हजारों बिजली कर्मी जुटे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मध्य प्रदेश कर्मचारी कल्याण समिति से रमेश चंद्र शर्मा , अखिल भारतीय उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संगठन से कृष्ण प्रताप सिंह , भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री मधुकर सांवले मौजूद रहे। आंदोलन करने वाले बिजली कर्मियों ने बताया हम अपनी मांगों को लेकर यहां पहुंचे हैं। समिति के मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मध्यप्रदेश बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, संविदा, आउटसोर्स कर्मचारी कई साल से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन यह मांगें अधूरी ही है। इसलिए यह आंदोलन किया।

# युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

## डेढ़ साल की मासूम बच्ची का पिता था, पत्नी है गर्भवती

**भोपाल, देशबन्धु।** हनुमानगंज इलाके के इंब्राहिमगंज गंज में रहने वाले युवक ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पत्नी गर्भवती है, जबकि करीब डेढ़ साल की एक भी बेटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इंब्राहिमगंज गंज में रहने वाले विजय पंथी पुत्र नन्नुलाल पंथी 37 मयूरी केटर्स के पास नौकरी करता था। वह हलवाई का काम करता था। चार साल पहले उसकी शादी नर्मदापुरम की युवती से हुई थी। दोनों की एक बेटी डेढ़ साल की है, जबकि पत्नी गर्भवती है। बताया कि विजय शनिवार की देर रात घर लौटा था। इसके बाद वह घर की पहली मंजिल स्थित एक कमरे में गया। जहां उसने करीब तीन-साढ़े तीन फीट ऊंची खिड़की की जाली पर टौवल को बांधा। टौवल के दूसरे हिस्से को अपने गले में कसा और बैठ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मां ने रात करीब साढ़े 12 बजे सबसे पहले बेटे को फंदे पर लटके देखा। इसके बाद उन्होंने शोर मचा कर अन्य सदस्यों को बताया। परिजनों आनन-फानन में विजय के गले में कसा फंदा निकाला। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मामले की जांच कर रहे धर्मेंद्र सिंह बेस ने बताया कि मौके से कोई पत्र नोट नहीं मिला है। परिजनों ने भी आत्महत्या का कोई ठोस कारण नहीं बताया है। मृतक की सामान्य मोबाइल का इस्तेमाल करता था और शराब पीने का भी आदि था। उसका फोन जब्त किया है। और उसकी जानकारी को खंगाला जाएगा। एसआई का कहना है कि गले पर लगे रगड़ के निशान परिजनों को खरोंच जैसे लग रहे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के सही कारणों का खुलासा हो जाएगा।

# नाले पर बने अवैध निर्माण हटाए



### मंत्री मौके पर पहुंचे, लोगों को अतिक्रमण नहीं करने की सलाह दी

**भोपाल, देशबन्धु।** ऐशबाग स्थित सोनिया कॉलोनी में रविवार दोपहर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई और नाले के ऊपर बने कई अवैध अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग मौके पर मौजूद रहे।

बताया जा रहा है कि नाले के ऊपर बने अवैध स्लैब के अचानक गिर जाने से नाला जाम हो गया था, जिसके चलते इलाके में रहने वाले लोगों को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसके चलते नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा जेसीबी की मदद से नाले के ऊपर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान वहाँ मौजूद लोगों ने उन्हें अपनी शिकायतें सुनाई। लोगों ने कहा कि बारिश के मौसम में इलाके में पानी भर जाता है, साथ नाले भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। श्री सारंग ने कहा कि नाले पर एक अतिक्रमण था, जिसमें एक परत डली थी वह गिर गई। मैंने निर्देश दिए हैं कि उसे पूरी तरह से ठीक किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इस तरह से अतिक्रमण ना हो। उन्होंने यह भी कहा कि कि लोगों को किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। इससे उन्हीं का नुकसान होता है और जानमाल की हानि हो सकती है।

# क्षत्राणी संगठन ने सावन मिलन समारोह मनाया



**भोपाल, देशबन्धु।** क्षत्राणी संगठन भोपाल द्वारा रविवारको सावन मिलन उत्सव के उपलक्ष्य पर एमपी नगर के होटल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर संगठन की संभाग अध्यक्ष गीता तोमर, जिला अध्यक्ष दीपिका सिंह परिहार, सचिव अलका सिंह बघेल, प्रवक्ता तृप्ति सिंह बघेल, कोषाध्यक्ष दीपिका सिंह, लता भदोरिया, नीलिमा सिंह, रेखा सिंह, श्रृद्धा सिंह, प्रीति सिंह, सीमा सिंह, विनिता सिंह,आकांक्षा सिंह, सरस्वती सिंह उपस्थित रहीं । सभी की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ सावन मिलन उत्सव मनाया गया।

# आजादी के रंग कार्यक्रम का आयोजन किया

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** मिठी गोबिन्दराम पब्लिक विद्यालय में सामाजिक अध्ययन विभाग के तत्वावधान में आजादी के रंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अकादमी डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उपप्राचार्या श्रीमती आशा चंगलानी, कोऑर्डिनेटर शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री गिरधानी ने कहा कि विद्यार्थियों में रचनात्मक ऊर्जा अत्यधिक होती है। सही दिशा प्राप्त होने पर कला और सौंदर्य के सृजनकर्ता समाज को प्राप्त हो पाते हैं । अत: कलात्मक सोच को रोपित करने वाली इस तरह की प्रतियोगिताएँ सतत् रूप से होनी चाहिए, जिससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ कल्पनात्मकता का विकास हो सके। श्री सिंह ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के लिए भी अनुशासन आवश्यक है। बिना अनुशासनबद्धता के सृजन संभव नहीं हो सकता। अत: छात्र जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासन के भाव को कायम रखें। श्रीमती चंगलानी ने कहा कि अभिव्यक्ति कौशल व्यक्तित्व विकास का सबसे महत्वपूर्ण तथ्य है। अपने व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाने के लिए अभिव्यक्ति सक्षमता को अवश्य बढाएँ। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अच्छा साहित्य अवश्य पढ़े ताकि उनका शब्द भंडार और परिपक्व सोच विकसित हो सके।

कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों हेतु चित्रकला, क्ले मॉडलिंग एवं निबंध प्रतियोगिता संचालित की गई । जिसके अंतर्गत देश की प्राकृतिक सुंदरता, राष्ट्रीय चिह्न, प्राचीन सिक्के, स्मारक, टूल्स, मंदिर एवं मेरे सपनों का भारत, रंग दे बसंती आदि विषयों पर छात्र अपनी कलात्मक सोच से रचनात्मक रूप प्रदान किया। कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों हेतु भाषण प्रतियोगिता संचालित की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विन्दा गुहे द्वारा किया गया।

# पुस्तकालय दिवस पर लगा पुस्तक मेला

### पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया

**भोपाल, देशबन्धु।** डिमांस्ट्रेशन मल्टीपरपज स्कूल में भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक के रूप में प्रसिद्ध पद्मश्री एसआर रंगनाथन की जयंती की याद में राष्ट्रीय पुस्तकाल दिवस को उत्साह के साथ मनाया। स्कूल ने डा एसआर रंगनाथन को श्रद्धांजलि देकर पढ़ने और सीखने के आनंद को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए।



आयोजन का एक मुख्य आकर्षण एकलव्य फाउंडेशन की साझेदारी में आयोजित पुस्तक मेला था, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को विभिन्न शैलियों में पुस्तकों के विविध संग्रह से परिचय होने का अवसर मिला। इस पुस्तक मेले का उद्देश्य छात्रों के बीच पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना और साहित्य के प्रति प्रेम को प्रोत्साहित करना था। इसके अतिरिक्त बच्चों में पढ़ने और सीखने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने में माता-पिता की भागीदारी की भूमिका को महत्ता देते हुए स्कूल के पुस्तकालय में अभिभावकों के निरीक्षण का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सत्र में माता-पिता को स्कूल के पुस्तकालय की सुविधा, संसाधनों और उनके बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका के बारे में अवगत कराया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में सीखने के अनुभवों और शैक्षणिक उपलब्धियों को बढ़ाने में पुस्तकालयों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए था।

# स्वाधीनता दिवस परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ, आरक्षक बने मुख्य अतिथि



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय स्वाधीनता की 76वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राजधानी भोपाल में लाल परेड मैदान पर होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के मुख्य आतिथ्य होंगे। रविवार को पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना की मौजूदगी में इस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास संपन्न हुआ। इस बार परेड में लाडली बहना सेना की टुकड़ी विशेष रूप से शामिल होगी।

अंतिम पूर्वाभ्यास के दौरान 7वीं बटालियन के प्रधान आरक्षक रामचन्द्र सिंह कुशवाहा ने प्रतीक स्वरूप मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण, राष्ट्रीय धुन एवं परेड द्वारा सलामी के बाद परेड का निरीक्षण कर संदेश का वाचन भी किया। उसके बाद परेड का विसर्जन कर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व इस अभ्यास परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा की सहायक पुलिस आयुक्त इंदौर सुश्री सोनाक्षी सक्सेना ने किया। सहायक परेड कमांडर की भूमिका उप पुलिस अधीक्षक एटीएस राहुल कुमार सैयाम ने निभाई। संयुक्त अभ्यास परेड में पुलिस बैण्ड सहित कुल 18 टुकड़ियों ने भाग लिया। इनमें राजस्थान प्रदेश पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल (उत्तरी जोन), महिलाओं का विशेष सशस्त्र बल, जिला बल एवं रेल की संयुक्त टुकड़ी, हॉकफोर्स, एसटीएफ, जिला पुलिस बल, जेल विभाग, शासकीय रेल पुलिस, नगर सेना (होमगार्ड), एनसीसी.(सीनियर विंग गर्ल्स), एनसीसी (सीनियर डिवीजन), गाइड गर्ल्स, स्काउट्स बॉयज, शौर्य दल, लाड़ली बहना तथा अश्वरोही दल शामिल है।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक फरीद शापू एवं कलेक्टर आशीष सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अफसरों स्टेडियम में नागरिकों के आने-जाने व सुरक्षा व्यवस्था सहित स्टेडियम के यातायात, पार्किंग एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं की भी बारीकी से जांच की। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय सहित जिला प्रशासन एवं भोपाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## रेलवे ने बढ़ाई चौकसी, स्टेशनों पर श्वान और बम दल भी मौजूद



**भोपाल, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रेलवे ने भोपाल रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर चौकसी बढ़ा दी है। इस दौरान यात्रियों की चैकिंग के अलावा अन्य तरह की जांचें भी की जा रहीं है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि भोपाल मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों सहित अन्य स्टेशनों पर आरपीएफ द्वारा जीआरपी, सिविल पुलिस एवं रेल प्रशासन से समन्वय कर डीएफएमडी, एचएचएमडी, श्वान और बम निरोधक दस्ते की मदद से यात्री सामान, पार्सल, ज्वलनशील वस्तु, बम इत्यादि की विशेष रूप से जांच की जा रही है, साथ ही स्कैनर की मदद से यात्रियों के सामान की जांच की जा रही है। वहीं विशेष महत्वपूर्ण यात्री गाडियों में यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए रेल सुरक्षा बल द्वारा गाडियों की निगरानी की जा रही है। स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से स्टेशन तथा रेलवे परिसर में संदिग्धों पर गहनता से नजर रखी जा रही है।

# कबीर पद गायन और लहंगी नृत्य की प्रस्तुति

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना में भैरूसिंह चौहान एवं साथी, इंदौर द्वारा कबीर पद गायन एवं रामलखन एवं साथी, श्योपुर द्वारा लहंगी नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय् के सभागार में हुई इस गतिविधि की शुरूआत श्री भैरूसिंह चौहान एवं साथी, इंदौर द्वारा कबीर पद गायन से की गई। उन्होंने मोको कहां ढूंढे रे बंदे..., कब सुमरे नाम दिवाने..., गुरू दाता दिनी ज्ञान जड़ी...,सतगुरू जी के दरबार..., घूंघट के पट खोल रे..., राम रस प्याला है भरपूर..., पी ले रे हरि नाम का प्याला..., जैसे कई पदों की प्रस्तुति दी। गायन में मंच पर भैरूसिंह चौहान, सह गायन में नानूराम सन्वेरिया, हारमोनियम पर सागर चौहान, वायलिन पर दिलीप चौहान, ढोलक पर राम चौहान, मजीरा पर राजेंद्र चौहान ने संगत की।

इसके बाद रामलखन एवं साथी, श्योपुर द्वारा सहरिया जनजाति लहंगी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सहरिया जनजाति द्वारा श्रावण मास में किया जाने वाला लंहगी समूह नृत्य है। रक्षाबंधन पूर्णिमा के दूसरे दिन भुजरियों का त्यौहार मनाया जाता है। भुजरियों के जुलूस के आगे-आगे पुरूषों द्वारा लहंगी नृत्य किया जाता है। नर्तकों के हाथों में डंडे होते हैं। गोल घेरे में एक ढोलक वादक होता है। ढोलक की तीव्र थापों पर नर्तक डंडे लय के साथ लड़ाते चलते हैं, इससे नृत्य की गति बनती है। युवा सहरिया रक्षाबंधन के अलावा तेजाजी पूजा मेला, एकादशी आदि पर्वो पर लहंगी नृत्य करते हैं।

भोपाल, सोमवार 14 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# संसद पर मोदी का एकाधिकार

हाल की अनेक सियासी घटनाओं ने इस खतरे के साफ संकेत दे दिये हैं कि देश की संसद पर सत्ता का लगभग एकाधिकार हो गया है। बहुमत के बल पर संविधान में सरकार बनाने के तो प्रावधान पर हैं लेकिन उसके शब्दों व भावना में कभी भी सर्वोच्च विधायिका पर सत्तारुढ़ दल का एकाधिकार संविधान निर्माताओं व देश के राजनैतिक पुरखों ने सोचा तक नहीं था। दुखद तो यह है कि ऐसा देश की आजादी के हीरक जयंती वर्ष के तत्काल बाद किया गया जिसे 'अमृतकाल' कहकर खूब प्रचारित और महिमामंडित किया गया। यह भी सर्वाधिक त्रासदीपूर्ण है कि ऐसा देश के मुखिया यानी प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा है जिसका कर्तव्य संसद की उपयोगिता और प्रासंगिकता को बनाये रखना है। वैसे तो मोदी अपने पहले कार्यकाल के प्रारम्भ (2014) से ही सिर्फ संसद ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण व्यवस्था पर एकछत्र राज करने के उपाय करते आये हैं, लेकिन 2019 में विशाल बहुमत पाने के बाद वे पूर्णतः अनियंत्रित हो गये हैं। मंगलवार को पड़ रहे 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनके कामों की समीक्षा करना इसलिये बेहद प्रासंगिक व आवश्यक बन पड़ता है।

यूं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकतंत्र विरोधी कामों की लम्बी फेहरिस्त है और उन पर हमेशा से चर्चा होती भी रही है पर इसी शुक्रवार को समाप्त हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान उनके द्वारा अपनाया गया व्यवहार सिर्फ असंसदीय ही नहीं था बल्कि अलोकतांत्रिक भी रहा। पिछले कुछ समय से उनके कामों की देश-विदेश में हो रही आलोचनाओं और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों की होती लामबन्दी से बौखलाये मोदी के तेवर प्रतिपक्ष के प्रति अत्यंत अपमानजनक और गरिमाहीन होते जा रहे हैं। संसद से चुन-चुनकर मुखर विपक्षी सदस्यों को निकाल बाहर करना, सवालों के जवाबों से कन्नी काटना, व्यवस्था में मनचाहा बदलाव आदि हाल के ऐसे मामले हैं जो देशवासियों की नागरिक आजादी के लिये बड़े खतरे हैं। इस प्रवृत्ति के खिलाफ़ देश भर में आवाज़ उठनी आवश्यक है।

जिस मणिपुर की हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न पर पूरा देश हिल उठा है, उसे लेकर मोदी और उनकी सरकार ने जैसा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार दिखाया है, वह अपने आप में बेहद शर्मनाक है। पहले तो संसद में इस पर चर्चा कराने के लिये सरकार तैयार ही नहीं थी। बड़ी मुश्किल से इस पर अविश्वास प्रस्ताव के तहत तीन दिवसीय चर्चा हुई तो मोदी स्वस्थ संसदीय परम्परा को धता बताकर पूरी बहस के दौरान आये ही नहीं। वे वैसे भी संसद में कम ही आते हैं। आये भी उन्होंने ऐसे जवाब नहीं दिये जिनमें विपक्ष के सवालों के तथ्यपरक स्पष्टीकरण हों। उत्तर की बजाय अपने सहयोगियों से नारेबाजी कराई तथा विपक्ष को कोसते रहे। अधिक आपत्तिजनक यह है कि मणिपुर की चर्चा से भागने वाले मोदी मध्यप्रदेश की एक सभा में कहते फिर रहे थे कि सत्ता दल गम्भीर चर्चा करना चाहता था परन्तु विपक्ष भाग (बॉयकॉट) गया। सवाल यह है कि अगर सत्ता दल चर्चा करना ही चाहता था तो उसे किसने रोका था? मोदी तो सदन के बाहर पहले भी चर्चा कर सकते थे। मोदी ने स्वयं क्यों नहीं सवा दो घंटे का उपयोग ठोस जवाब के लिये किया। जो बिंदुवार प्रश्न कांग्रेस के गौरव गोगोई ने रखे थे वे उनका सिलसिलेवार जवाब देते। मोदी ने केवल दो-ढाई मिनट इस विषय को दिये और भावनात्मक बातें ही कीं। उन्होंने कहा कि 'मणिपुर में शांति का सूर्य निकलेगा', पर यह नहीं बताया कि वह कैसे निकलेगा तथा उसमें सरकार की भूमिका क्या रहेगी। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि अमित शाह और मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह की दंगों को रोकने में क्या भूमिका रही।

मोदी दरअसल संसद पर ही नहीं वरन एक तरह से समग्र लोकतांत्रिक प्रणाली पर ही अपना एकाधिकार कायम कर रहे हैं। बगैर चर्चा के थोक में कानून बदले जा रहे हैं। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये बनने वाली समिति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को बाहर कर दिया गया है। अब प्रधानमंत्री तथा विपक्ष के नेता के अलावा उनके द्वारा नामांकित एक कैबिनेट मंत्री कमेटी के सदस्य होंगे। अपने एकाधिकार के बारे में मोदी कितने आश्वस्त हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मध्यप्रदेश के एक मंदिर का शिलान्यास करते वक्त उन्होंने कह दिया है कि 'इसका लोकार्पण भी मैं ही करूंगा।' क्या मोदी जी को बतौर तीसरी बार पीएम का चेहरा उनकी पार्टी ने मान लिया है? क्या वे इस कदर शक्तिशाली हो गये हैं कि खुद के बारे में भी सब कुछ तय कर रहे हैं? ये भी सवाल हैं।

मणिपुर के अलावा नूंह (मेवात) में हुई हिंसा और जयपुर-मुंबई ट्रेन का वह हादसा जिसमें एक व्यक्ति द्वारा खास सम्प्रदाय के तीन लोगों की हत्या करना यह बतलाता है कि उनका विधायिका पर ही नहीं, कार्यपालिका पर भी ऐसा मजबूत नियंत्रण है कि प्रशासन सरकार को बचाने के लिये या तो मौन है अथवा तथ्यों की तोड़-मरोड़ करने, अपारदर्शिता और गैर जिम्मेदारी का प्रदर्शन कर रहा है। संसद में कही जाने योग्य बातों को सदन के बाहर और बाहर कही जाने वाली बातों को सदन के भीतर कहते-बोलते मोदी ने संसद को अपनी सुविधा और मूड का मंच बना लिया है। हाल के मामलों में उनके जवाब अपरिपक्वता की निशानी तो हैं ही, वे पद की गरिमा भी गिरा चुके हैं। उनकी नज़रों में संसद का अर्थ सिर्फ शक्तियां पाना और राज करना है।

# नेहरू ने बिना शिकायत शून्य से भारत को शिखर तक पहुंचाया

देश का सबसे बड़ा दिन 15 अगस्त। हर साल कई तरह से याद किया जाता है। नास्टेलजिया (पुरानी अच्छी यादें) होता है। स्कूल के वह दिन सुबह बहुत जल्दी मुंह अंधेरे निकलकर प्रभात फेरी। पूरे गांव, कस्बे या स्कूल के आसपास, शहर का गांधी, नेहरू, सुभाषचन्द्र बोस, भगतसिंह के जिन्दाबाद नारे लगाते हुए, देशभक्ति के गीत गाते हुए चक्कर और फिर बच्चों का सबसे पसंदीदा प्रोग्राम बूंदी के लड्डू मिलना।

वह दिन भी खत्म हुए। मगर अभी भी उत्साह पैदा कर देते हैं। तैयारियां केवल बच्चों की नहीं होती थीं, मां-बाप भी खुश होकर इंतजाम करते थे। सबसे मुश्किल काम होता था। सफेद टेनिस शू (कैनवास) की पालिश करके उसे सुखाना। गीली चॉक या वह सफेद रंग की टिकिया पालिश से जूते गीले हो जाते थे। और अगस्त का महीना बरसात का जूते सूखने का नाम नहीं लेते थे। और कभी किसी साल उस दिन से पहले नए सफेद कैनवास शू मिल जाते थे तो कहना ही क्या! लगता था सबसे अलग आप ही हैं।

मगर यह सब भावनात्मक यादें हैं। अच्छी हैं। और बिला नागा हर साल आती हैं। रील सी पूरे दिमाग में घूम जाती है। लेकिन आजादी एक अलग ठोस तत्व है। जिस पर सोचना और बात करना अब लगातार कम होता जा रहा है। 76 साल हो रहे हैं। बहुत बड़ा अरसा। सच है बहुत काम हुआ है। आज की सरकार माने या न माने देश इन 76 सालों में बहुत आगे बढ़ा है। यह प्रगति इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण है कि शून्य से शुरू हुई थी।

अभी भी वे लोग हैं जो 1947 में किशोर हो रहे थे। उन्हें यादें हैं कि कितने कम स्कूल थे। अस्पताल थे। नौकरियां तो बहुत लिमिटेड हुआ करती थीं। मगर नेहरू ने वाकई चमत्कार किया। नकारात्मक बातें करने के बदले जैसा आज की सरकार करती है देश को बनाने में लग गए। कभी नहीं कहा कि अंग्रेजों ने क्या छोड़ा। जैसा आज हर बात में कहा जाता है कि सत्तर सालों में क्या हुआ वैसा कभी नहीं कहा कि पहले क्या हुआ।

सही है अगर वही करते रहते तो उन्हें भी बिना एम्स बनाए झूठ बोलना पड़ता कि दिल्ली में बना दिया। कह दिया कि दरभंगा में बना दिया। लाख बिहार सरकार कहती रहे, दरभंगा की जनता कहती रहे कि नहीं है यहां एम्स, मगर क्या फर्क पड़ता है। कह दिया। और भक्त लोग मान गए। कईयों ने तो आंकड़े भी दे दिए कि इतने लोग इलाज करवा कर ठीक होकर आ भी गए।

नेहरू ने काम किया। आज बातें की जा रही हैं। महाराष्ट्र की कलावती के लिए कह दिया कि राहुल ने कुछ नहीं किया। भक्त मान गए। कांग्रेस कहती रहे। खुद कलावती कहती रहे कि राहुल ने पूरी मदद की। मगर मीडिया लिख चुका कि भाजपा सरकार ने की थी।

पहले पत्रकार फैक्ट फाइंडिंग करते थे। दरभंगा जाकर वहां से लिखते थे कि नहीं है एम्स। कलावती से मिलकर लिखते थे कि उसकी मदद भाजपा सरकार ने नहीं राहुल ने की है। मगर आज जो सरकार कह दे वही सही। नाले के गैस से चाय बनना आविष्कार है। रडार बादलों में काम नहीं करता नया तथ्य है। कबीर, गुरु नानक और गोरखनाथ का समकालीन होना नया इतिहास है। और भारत 1947 में नहीं 2014 में आजाद हुआ नई खोज है। ऐसी बहुत सारी बातें होंगी। खुद को महान साबित करने के लिए ऐसी काल्पनिक बातों की कोई सीमा नहीं है। कभी मनोवैज्ञानिक इस पर लिखेंगे। आज तो किसी की हिम्मत नहीं है।

मगर नेहरू इन चक्करों में नहीं पड़े। उन्होंने देश की प्राथमिकताएं तय कीं और उनमें लग गए। आराम हराम है का नारा नेहरू ने ही दिया था। 16 घंटे काम वे ही करते थे। और झूठ देश को कितना नुकसान पहुंचा सकता है। अंदर से खोखला कर सकता है वे जानते थे इसीलिए अफवाहें देश की सबसे बड़ी दुश्मन हैं का आह्वान किया था। नेहरू भी चाहते तो झूठ और अफवाहों के जरिए अपनी सरकार चला सकते थे। आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने का बड़ा आभा मंडल उनके पास था। विपक्ष कहीं था ही नहीं। संघ (जिसकी राजनीतिक शाखा आज भाजपा है) आज जो नेहरू की सबसे ज्यादा आलोचना करता है, उस समय आजादी के आंदोलन में शामिल नहीं होने के कारण जनता में बहिष्कृत था। नेहरू के पास सिर्फ चुनाव का ही नहीं आजादी के आंदोलन से निकला एक बड़ा जन समर्थन था। जैसी चाहे कहानियां बना सकते थे। मगर उन्होंने देश का ठोस निर्माण करने का फैसला किया।



शकील अख्तर

**आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी।**

कुछ आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी।

तो आप समझ सकते हैं कि नेहरू ने किस तरह जीरो से शुरूआत की। अगर वे भी बातें बनाते रहते तो देश की साक्षरता दर आज 12 प्रतिशत से 82 प्रतिशत नहीं होती। महिला साक्षरता 9 प्रतिशत से 77 प्रतिशत तक नहीं पहुंचती। सबसे बड़ा काम था लोगों को पढ़ाना लिखाना। स्कूल थे नहीं। बहुत सारे लेखकों ने, अन्य लोगों ने लिखा है कि कैसे वे मीलों दूर पढ़ने जाया करते थे। उस समय पूरे देश में करीब एक लाख ही स्कूल थे। जिनमें से भी अधिकांश शहरों में। गांवों में तो स्कूल थे ही नहीं। नेहरू ने सबसे ज्यादा ध्यान इस पर दिया। स्कूल खोलने से लेकर टीचर ट्रेनिंग तक पर। केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं थी अच्छी शिक्षा भी जरूरी थी। और ऐसे ही उच्च शिक्षा भी।

नेहरू इसका महत्व कितना समझते थे यह इसी से समझ सकते हैं कि विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (यूजीसी) 1949 में ही बना दिया था। आजादी के समय देश में केवल 27 ही विश्वविद्यालय थे। नेहरू, गांधी, सुभाष चन्द्र बोस सबको पढ़ने के लिए विदेश जाना पड़ता था। और आज विदेशों में हर बड़े विश्वविद्यालय में भारतीय पढ़ा रहे हैं। पढ़े-लिखे लोगों के खिलाफ भाजपा इसीलिए है कि दुनिया भारत को इन पढ़े- लिखे लोगों के द्वारा ही जानती है। मनमोहन सिंह की बहुत आलोचना की जाती है। मगर कैम्ब्रिज में, जिसके बारे में बताने की जरूरत नहीं कि कितनी प्रतिष्ठित अन्तरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी हैं मनमोहन सिंह के नाम पर ही फेलोशिप दी जाती है। इसी तरह किसी भी देश के बनने के लिए दूसरा जो सबसे बड़ा आधार होता है वह है स्वास्थ्य। आज भारत की जीवन दर 70 वर्ष है। मतलब हर व्यक्ति औसतन 70 साल तक जीता है। मगर आजादी के समय यह क्या थी? केवल 32 साल। इसे बढ़ाने के लिए देश में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा विकसित किया गया। बहुत विस्तृत बात है। मगर संक्षेप में उस समय केवल 28 मेडिकल कालेज थे और आज करीब 612। तभी असली एम्स नेहरू ने 1961 में ही बना दिया था।

भारत ने बड़ी प्रगति की है। 76 साल में क्या हुआ या 2014 से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात थी कहना आसान है मगर देश को बनाने का जो बीड़ा नेहरू ने उठाया था उसमें बाद के भी सभी प्रधानमंत्रियों ने अपनी-अपनी समझ के हिसाब से हाथ बंटाया। कम ज्यादा, सकारात्मक, नकारात्मक फैसला इतिहास करेगा। इतिहास भक्तों के हिसाब से, गोदी मीडिया के हिसाब से व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के हिसाब से नहीं लिखा जाएगा। वह तो ऐसा ही होता है जो तथ्य और सत्य पर आधारित होता है जिसमें से अभी यह बहुत थोड़ा सा हिस्सा निकालकर हमने आपको बताया।

# महाराजा का दरबार नहीं, 140 करोड़ लोगों की आवाज है संसद

संसद वह सर्वोच्च संस्था है जो देश के 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका काम ये सुनिश्चित करना है कि देश संविधान के मुताबिक चले। देश और जनता के हित को सुरक्षित रखने के लिए संसद संविधान बदलने से लेकर हर तरह के फैसले ले सकती है। मौजूदा संसद सत्र खत्म होने के साथ यह सवाल पूछा जाना लाजिमी है कि क्या हमारी संसद ने देश की ज्वलंत समस्याओं को हल करने की पहल की? इसका जवाब बहुत निराशाजनक है।

चार महीने से जल रहे मणिपुर का मंजर, भयावह है। प्रधानमंत्री समेत केंद्र सरकार ने इसमें अब तक कोई हस्तक्षेप नहीं किया है। हत्या, बलात्कार, आगजनी और सामुदायिक विभाजन ने मणिपुर को लगभग चीरकर रख दिया है। संसद में विपक्ष ने प्रधानमंत्री से सदन में मणिपुर पर बयान की मांग की लेकिन इस मांग को ठुकरा दिया गया। मजबूरन विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव पेश करना पड़ा। प्रधानमंत्री को संसद में बयान देने आना पड़ा, लेकिन मणिपुर के लोगों को उन्होंने निराश किया। दो घंटे के भाषण में उन्होंने सबसे अंत में मणिपुर का जिक्र किया, जिसमें भी ठोस कुछ नहीं था। इस सारी कार्रवाई से मणिपुर की जनता को क्या मिला?



संदीप सिंह

**आज संसद में खुलेआम सत्तापक्ष और विपक्ष में भेदभाव किया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने 37 मिनट का भाषण दिया लेकिन संसद टीवी के कैमरे ने उन्हें सिर्फ 14 मिनट 37 सेकेंड दिखाया, बाकी टाइम कैमरा लोकसभा अध्यक्ष को दिखाता रहा। इसके उलट, नरेंद्र मोदी या अमित शाह के भाषण के दौरान संसद टीवी ने ऐसा नहीं किया।**

संसद चाह ले और प्रधानमंत्री चाह लें तो मणिपुर की समस्या दो दिन में हल हो सकती है। संसद चाहे तो विभिन्न राज्यों में फैले सांप्रदायिक तनाव को तुरंत रोका जा सकता था। प्रधानमंत्री चाह लें तो दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर हो रहा अत्याचार तुरंत रोका जा सकता है। संसद चाह ले और प्रधानमंत्री चाह लें तो महंगाई कम हो सकती है। प्रधानमंत्री चाह लें तो बेरोजगारी दूर हो सकती थी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

मणिपुर तीन महीने तक जलता रहा। राज्य की भाजपा सरकार इसे रोकने में नाकाम रही। केंद्र सरकार मौन। हिंसा और बर्बादी के बीच प्रधानमंत्री की चुप्पी से उकताकर मणिपुर की सभी पार्टियों के नेता प्रधानमंत्री से मिलने दिल्ली आए थे। प्रधानमंत्री ने उन्हें मिलने का वक्त नहीं दिया और विदेश यात्रा पर चले गए। जब प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव के जरिये संसद में आकर बोलने के लिए मजबूर किया गया तब भी वे दायें-बायें की बातें करते रहे, हंसी-मजाक-तंज करते रहे, इतिहास बांचते रहे और झूठ बोलते रहे।

क्या देश के 140 करोड़ लोग संसद से इतनी भी उम्मीद नहीं रख सकते कि जिस समय वे कोई अभूतपूर्व संकट झेल रहे हों तो संसद उसमें सकारात्मक हस्तक्षेप करे? भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि संसद किसी महाराजा का दरबार नहीं है। यह 140 करोड़ लोगों की प्रतिनिधि संस्था है जिसके पास सर्वोच्च शक्ति है और जनकल्याण के लिए फैसला लेने की ताकत है। लेकिन भाजपा सरकार ने संसद में मौजूद इस 140 करोड़ लोगों की सारी शक्ति को एक व्यक्ति के चरणों में डाल दिया है। 'जो तुमको हो पसन्द हो वही बात कहेंगे' अब संसद का तराना है। अन्यथा विपक्षी सांसदों को आवाज उठाने के जुर्म में निष्कासित कर दिया जाता है। मौजूदा सत्र के दौरान विपक्ष के कई सांसदों को अनुचित ढंग से निष्कासित कर दिया गया।

आज संसद में खुलेआम सत्तापक्ष और विपक्ष में भेदभाव किया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने 37 मिनट का भाषण दिया लेकिन संसद टीवी के कैमरे ने उन्हें सिर्फ 14 मिनट 37 सेकेंड दिखाया, बाकी टाइम कैमरा लोकसभा अध्यक्ष को दिखाता रहा। इसके उलट, नरेंद्र मोदी या अमित शाह के भाषण के दौरान संसद टीवी ने ऐसा नहीं किया। विपक्षी नेता लगातार इस तरह के भेदभाव की शिकायतें लोकसभा अध्यक्ष से करते रहे हैं लेकिन यह बंद नहीं हो रहा है।

फरवरी में जब राहुल गांधी ने संसद में अडाणी और मोदी सरकार की साठगांठ से चल रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया तो उनके खिलाफ एक बंद पड़े केस को खोल दिया गया और मात्र दो सुनवाई में दो साल की सजा दे दी गई। इस सजा के बाद लोकसभा की भूमिका बेहद चौंकाने वाली रही। सजा सुनाने के 24 घंटे के अंदर ही लोकसभा सचिवालय ने इसे आधार बनाकर राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दी, जबकि खुद कोर्ट ने राहुल गांधी को अपील करने के लिए 30 दिन का वक्त दिया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुच्छेद-103 के अनुसार, किसी संसद सदस्य की सदस्यता पर सवाल उठने की स्थिति में यह मामला राष्ट्रपति को भेजा जाता है। राष्ट्रपति चुनाव आयोग की राय लेकर फैसला करते हैं। राहुल गांधी के मामले में लोकसभा सचिवालय ने ऐसा फैसला लिया जिसका उसे अधिकार ही नहीं है। भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ।

ओम बिरला से पहले भाजपा सरकार ने सुमित्रा महाजन को लोकसभा अध्यक्ष बनाया था जो कि नरेंद्र मोदी के भाषण पर मेज थपथपाने लगती थीं। मंत्रियों के फंसने पर अपनी ओर से राय देने लगती थीं। वे इतना खुलकर पक्षपात करती थीं कि मीडिया में खबरें छपीं कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में सुमित्रा महाजन का व्यवहार भाजपा कार्यकर्ता की तरह है।

जीवी मावलंकर देश की पहली लोकसभा के अध्यक्ष थे। एक बार प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू बोलने के लिए खड़े हुए तो जीवी मावलंकर ने उन्हें टोक दिया क्योंकि यह नियम के विरुद्ध था। उनके टोकने पर नेहरू ने शालीनता से सिर झुकाया और बिना बोले ही बैठ गए। एक और घटना है जब पंडित नेहरू लोकसभा में एक अध्यादेश लाना चाहते थे। इस पर मावलंकर ने कहा, 'यह काम करने का लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। सरकार को अपवाद की स्थिति में ही अध्यादेश का सहारा लेना चाहिए। यह तभी किया जाना चाहिए, जब ऐसा करना बहुत जरूरी हो।' पंडित नेहरू ने हमेशा लोकसभा अध्यक्ष के आदेश का सम्मान किया। इसका मतलब यह था कि संसद प्रधानमंत्री से बड़ी है। लेकिन आज लोकसभा अध्यक्ष पार्टी के कार्यकर्ता और एक व्यक्ति के गुणगान के लिए काम करते दिखते हैं। पंडित नेहरू कहते थे, 'अध्यक्ष सदन की गरिमा तथा उसकी स्वतंत्रता का प्रतिनिधित्व करता है और चूंकि सदन राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है इसलिए अध्यक्ष एक प्रकार से राष्ट्र की स्वतंत्रता और स्वाधीनता का प्रतीक होता है।' आज हमारे लोकसभा अध्यक्ष और सत्ता में बैठी भाजपा मिलकर विपक्ष के साथ भेदभाव करके उस गौरवशाली संसदीय परंपरा को अपमानित करते हैं जिसकी शुरुआत पंडित नेहरू, सरदार पटेल, डॉ अंबेडकर और जीवी मावलंकर जैसे महापुरुषों ने की थी।

(लेखक कांग्रेस से हैं और जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष रहे चुके हैं।)

## गुरवाणी विचार

### जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेह

इह जगि मीत न देखियो कोई
सगल जगत अपनै सुखि लागिए।
दुख में संग न होई (रहाओ)
दारा मीत पूत संबंधी सगरे धन सिउ लागे।।
जब ही निरधन देखिये नर कउ संग छाडि सभ भागे।
कहौ कहाधिआ मन बउरे कउ इनसिउ नेहु लगइस।
दीना नाथ सकल मैं भजन जस ताको बिसराइए।
सुआन पूछ जिओ भयो न सूधो बहुत जतन मैं कीनो।।
नानक लाज बिरद की राखौ नाम तुहारो लीनो।।

गुरुवाणी की यह पंक्तियां राग सोरठि से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 633 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा नौंवे नानक गुरु तेगबहादुर समझा रहे हैं कि इस संसार में कोई किसी का हितैषी नहीं है। सारा संसार अपने ही सुखों के साधन जुटाने में लगा है। दुख में कोई किसी का साथ नहीं देता। केवल हर इंसान का प्रभु परमात्मा है जो आखिरी सांस तक हमारे साथ है इसलिए गुरुवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि उस प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी करते रहो क्योंकि वही हमारा सच्चा दोस्त है-

सृजन सेई नालि मैं चलदियां नालि चलनि।
जिथे लेखा मंगिये तिथे खड़े दिसनि।।

हम जिन्हें अपना मित्र समझते हैं जैसे अपनी पत्नी और सगे संबंधी सब मतलब के दोस्त हैं। जब तक पैसा है तभी तक वे सभी दोस्त हैं, निर्धन हो जाने पर कोई भी साथ नहीं देता सब छोड़ छाड़ के भाग जाते हैं। अगर बहुत ही सच्चे साथी होंगे तभी तक साथ देंगे जब तक शरीर है। जब शरीर ने साथ छोड़ा ज्यादा से ज्यादा शमशान भूमि तक साथ देंगे। आगे कोई साथ जाने वाला नहीं है साथ में वही हमारे जाएगा जो हमने प्रभु सिमरन कर संचित किया होगा। वही प्रभु परमात्मा ही सच्चा साथी होगा जो हमें आखिरी दम तक साथ देगा। अपने सच्चे दरबार में भी ले जाकर स्थान देगा। जहां फिर हमें सदा आनंद ही आनंद की प्राप्ति होगी।

इसलिए समझा रहे हैं कि ऐ मेरे भूले हुए मन क्यों सांसारिक विषय विकारों में फंसा हुआ है प्रभु परमात्मा जो तेरा सही मायने में मित्र है जिसने अंत तक तेरा साथ देना है उसी की सिमरन भक्ति में मन लगाने पर हम इस संसार में आकर उस प्रभु परमात्मा को बिसार बैठे हैं। इसलिए दुख पाते रहते हैं। तभी तो गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है-

जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेह।

हमें प्रभु सिमरन भक्ति करते रहना है और सच्चा धन एकत्र करना है जो हमेशा हमारे साथ जाएगा। धन दौलत तो हमारे साथ जाने वाला नहीं है। यह सब हमारे लिए ऐशोआराम का साधन इकत्र कर सकती है पर अंत समय में हमारे किसी भी काम में आने वाला नहीं है भले ही इसे संचित करने में हर प्रकार के उपाय करते रहते हैं। जब कुछ धन संचित हो जाता है तब और चाहिए और चाहिए इस तरह कितना भी हमारे पास धन हो जाए तृष्णा कभी खत्म नहीं होती।

विपत्ति आ जाए तो धन हमारी कोई मदद नहीं कर पाता। सिकंदर ने पूरे विश्व पर विजय प्राप्त कर ली पर अंत समय में उसने कहा जब मेरा जनाजा निकाला जाए तो मेरे दोनों हाथ और दोनों पैर कफन से बाहर रखें ताकि लोगों को पता हो कि विश्व विजेता सिकंदर भी नंगे पांव और खाली हाथ जा रहा है। इसलिए हमें सच्चा धन प्राप्त करने के लिए सिमरन भक्ति करना है जिसे ना कोई चोरी कर सकता है न ही कोई हमसे छीन सकता है-

साचा एह हरि धन अगनी तस करै पाणिये।
जमदूते किसे का गवाइया न जाई।।
हरि धन कउ उचका नेड़ि न आवई
जम जागति डंड न लगाई।।

इसलिए गुरवाणी में हमें बार-बार समझाया गया है- हरि धन सांचीअै भाई जि हलति पलति हरि होइ सखाई।।

गुरदेव फरमा रहे हैं कि जिस तरह कुत्ते की पूंछ को कितने ही जतन कर लिया जाए सीधा नहीं किया जा सकता। इसलिए परमात्मा के सिमरन में जो लापरवाह होते हैं। परमात्मा सिमरन से बेमुख होते हैं वे समझाने पर भी नहीं समझते वे भी सब संसार में आकर खाओ-पीयो और मौज मस्ती में लगे रहते हैं जो अंत समय में उनके काम नहीं आ सकती। तब वे बहुत पछताते हैं।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### वे आ रहे हैं दूध पिलाने, सावधान रहें!

हरिशंकर परसाई जी ने लिखा है -'साल-भर सांप दिखे तो उसे भगाते हैं। मारते हैं। मगर नागपंचमी को सांप की तलाश होती है, दूध पिलाने और पूजा करने के लिए। सांप की तरह ही शिक्षक दिवस पर रिटायर्ड शिक्षक की तलाश होती है, सम्मान करने के लिए।' बहरहाल यह बात आज की राजनीति पर बिल्कुल फिट बैठती है पिछले दिनों साहिब जी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बड़े जोशखरोश के साथ कहा कि वे रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर मुस्लिम बहनों को रक्षा सूत्र बांधें यानि उनकी रक्षा का वचन दें। उन्हें इस अवसर पर चढ़ावा बतौर कुछ देना तो ज़रूरी होता है वह दिए बिना रक्षा-बंधन अधूरा होगा।

आप जानते हैं इस इंवेंट को भाजपा ने प्रदेश की 74 विधानसभा सीटों को ध्यान में रखकर यह डिजाइन बनाया है। इनमें 35 सिम अनुसूचित जाति के लिए हैं बाकी 19 सिम सामान्य है लेकिन इस पर दलित वाटर निर्णायक भूमिका में है और जिस गांव बड़तूमा को चुना, वह इन अनुसूचित जातियों के रहवास के बीच में, लगभग पड़ता है।

संत रविदास तो संत कबीर के समकालीन व गुरूभाई माने जाते हैं। स्वयं कबीरदास जी ने 'संतन में रविदास' कहकर इन्हें मान्यता दी है। राजस्थान की कृष्णभक्त कवयित्री मीराबाई उनकी शिष्या थीं। वहीं चित्तौड़ में संत रविदास की छतरी बनी हुई है। बनारस में उनके नाम का एक मंदिर और मठ भी है। काशी में जन्मे और वहीं अपनी देह समाप्त की। अपने दोहों और पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर उन्होंने बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी- मूर्ति पूजा तीर्थयात्रा जैसे दिखाओ में उनका बिल्कुल विश्वास नहीं था। वह व्यक्ति की आंतरिक भावनाओं और आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे। उनका हाथ में निवेदन निभाओ और सहज भक्ति पाठक के हृदय को उद्वेलित करते हैं कबीर की तरह रैदास के बहुत से पद सिखों के पवित्र ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में मौजूद हैं विशेष बात यह कि संत रविदास देशभर में जाने जाते हैं। पंजाब में उन्हें रविदास, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान में रैदास। गुजरात, महाराष्ट्र में रोहिदास। बंगाल में रूईदास के नाम से जाना जाता है। विशेष बात ये कि कुछ क्षेत्रों में उनकी चमार जाति को रैदास नाम से भी जानते हैं। उन्होंने लिखा है - पराधीनता पाप है, जान लेहु रे मीत। रैदास दास पराधीन सौं, कौन करै है प्रीत॥

तुलसीदास भी यही बात दूसरे अंदाज़ में कहते हैं- पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं। अफसोसनाक यह कि कि 15वीं शताब्दी में कही गई इन शिक्षाओं का खासा कोई असर दिखता नहीं। भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा को मंदिर से ज्यादा अहमियत दी। हालात आज तक नहीं बदले। संत रविदास के मंदिर बनाने के पीछे इन्हें भक्ति पथ दिखाकर संतुष्ट करने का जो उपक्रम किया जा रहा है उसे समझना ज़रूरी है। यह दूध पिलाने से कमतर नहीं है।

इसी कड़ी में साहिब जी ने लाखा बंजारा का नाम लिया जिन्होंने सागर में विशाल तालाब का निर्माण किया। वे आज याद आए जब वह तालाब एक छोटे ताल में बदल गया। जो कभी सागर हुआ करता था जिसके कारण शहर का नाम सागर हुआ। यह भी एक विशेष जनजाति को उपकृत करने के इरादे से।

देश ही नहीं प्रदेश में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति आज सरकार की कितनी अधिक उपेक्षा झेल रही है वह किसी से छिपा नहीं है। सीधी का पेशाब कांड माथे पर कलंक है। दलित दूल्हा आज भी घोड़ी नहीं चढ़ सकता। इन सभी अत्याचार मामले में प्रदेश अव्वल है। महिला उत्पीड़न भी कम नहीं। इसलिए तरह-तरह के लोक-लुभावन कार्यक्रम लेकर वे आ रहे हैं। सावधान रहें। चार साल जिसके साथ अनुचित और अमानवीय व्यवहार हो उसकी इस तरह खुशामद करना ठीक वैसा ही है जैसा हरिशंकर परसाई ने बताने की कोशिश की है। यकीन है आदिवासी व्यक्ति की पूजा हो, रैदास की पूजा हो या रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर मुस्लिम बहनों को राखी बांधना, लाड़ली बहनों को गिफ्ट देना छलावा है इसे समझें और समझदारी से काम लें।

**सुसंस्कृति परिहार**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### अल्प प्रवास पर आए शाह



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में अल्प प्रवास पर आए मप्र शासन के वन मंत्री विजय शाह का रविवार को बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम के सामने भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने अपने समर्थकों के साथ जोरदार स्वागत किया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह बॉबीराजा ने वन मंत्री से किसानों की समस्याओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा किसानों को बेवजह प्रताड़ित किया जा रहा है। इस पर वन मंत्री ने कहा कि मैं हमेशा किसानों के साथ हूं और किसी के साथ गलत नहीं होने दूंगा और किसानों को हो रही समस्याओं से निजात दिलाऊंगा।

### चक्कर खाकर छत से गिरी युवती

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुर में एक युवती बीती शाम अपने घर की छत पर थी तभी उसे चक्कर आ गए और वह छत से जमीन पर आ गिरी। ऊंचाई से गिरने के कारण युवती बुरी घायल हो गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जैतपुर निवासी हरिराम बाल्मिक की 21 वर्षीय पुत्री कल्पना बीती शाम करीब 7 बजे अपने घर की छत पर टहल रही थी तभी उसे चक्कर आने लगे। कल्पना ने बैठने का प्रयास किया लेकिन उससे पहले ही उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से जमीन पर गिरकर घायल हो गई।

### अधेड़ ने गौ हत्या के आरोप लगाकर थाने में की शिकायत

**छतरपुर, देशबन्धु।** मातगुवां थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रनगुवां अंतर्गत आने वाले मड़उवा मोहल्ला निवासी दीनदयाल पुत्र मातादीन राजूपत ने मातगुवां थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि चार रोज पूर्व उसकी गाय गांव के कमलेश पुत्र धनीराम कुशवाहा निवासी पनागर वार्ड (खैरों) के खेत में पहुंच गई थी जिस पर कमलेश ने उसकी गाय को लाठी-डंडों तथा पत्थरों पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। दीनदयाल का कहना है कि उक्त गाय के दूध से ही उसके परिवार का गुजारा होता था। थाना प्रभारी को आवेदन देकर दीनदयाल ने कमलेश कुशवाहा पर कार्यवाही करने की मांग की है।

### पूर्व राज्यमंत्री राम दयाल का निधन

**छतरपुर, देशबन्धु।** भाजपा के कद्दावर नेता राम दयाल अहिरवार का बीमारी के चलते छतरपुर निवास पर निधन हो गया। वे करीब 80 के थे । उनका अंतिम संस्कार सोमवार को सुबह 10 बजे महाराजपुर में होगा। वे पहली बार विधायक 1977 में जनता पार्टी से विधायक चुने गए। इसके बाद ,,1990-1993-1998-2003 महाराजपुर से विधायक, फिर 2008-2013 तक चंदला से विधायक, फिर 2014-2019 तक नगरपालिका महाराजपुर के चेयरमैन रहें. ।।।दो बार मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री गृह ,परिवहन एवं जल संसाधन भी रहें हैं. ।।। वे मंडी समिति हरपालपुर के भी अध्यक्ष रह चुके है।

## अस्पताल प्रबंधन की अमानवीयता

# फ़ीस न दे पाने पर शव देने से इंकार



*छतरपुर, देशबन्धु। शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती महिला की मौत होने के बाद जब महिला के परिजन अस्पताल की पूरी फीस नहीं दे पाए तो अस्पताल प्रबंधन ने महिला का शव देने से इनकार कर दिया। परिजन काफी देर तक अस्पताल प्रबंधन के सामने शव देने की मिन्नत करते रहे लेकिन किसी को भी गरीब परिवार पर दया नहीं आई। अंततः परिवार को पुलिस और मीडिया का सहारा लेना पड़ा, तब जाकर अस्पताल प्रबंधन ने महिला का शव परिजनों को दिया।*

*बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा निवासी मुन्नीलाल आदिवासी ने बताया कि उसकी पत्नी पम्मीबाई आदिवासी टीवी रोग से ग्रसित थी। शुक्रवार को जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे इलाज के लिए छतरपुर के क्रिश्चियन अस्पताल लाए थे। शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात पम्मीबाई का इलाज के दौरान निधन हो गया। रविवार को जब परिजनों ने महिला का शव अस्पताल प्रबंधन से मांगा तो प्रबंधन ने इलाज के 32 हजार रुपए जमा करने के बाद शव देने की बात कही। मुन्नीलाल के मुताबिक उसके पास 12 हजार रुपए थे जो उसने दे दिए था लेकिन शेष पैसे उसके पास नहीं थे, जिस कारण से अस्पताल प्रबंधन द्वारा महिला का शव परिजनों को नहीं दिया जा रहा था। परिजन काफी देर तक अस्पताल प्रबंधन को अपनी आर्थिक स्थिति से अवगत कराकर शव मांगते रहे लेकिन अस्पताल के कर्मचारी पैसे मिलने के बाद ही शव देने की बात पर अड़े थे। इसके बाद परिजनों ने कोतवाली पुलिस और मीडियाकर्मियों को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस और मीडियाकर्मियों के हस्ताक्षेप के बाद अस्पताल प्रबंधन ने महिला का शव परिजनों को सौंप दिया। इसके साथ ही शव को गांव तक ले जाने की व्यवस्था भी अस्पताल द्वारा कराई गई।*

## आजादी का अमृत महोत्सव

# हाथ में तिरंगा थामकर पुलिस ने किया शहर भ्रमण



**छतरपुर, देशबन्धु।** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के आवाहन पर पूरे देश में आजाजी का अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। इसी क्रम में रविवार की शाम को पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस कप्तान अमित सांघी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर पुलिस विभाग की तिरंगा यात्रा निकली।

डीजे पर देशभक्ति के गीत बजाते हुए एसपी सहित अन्य पुलिस बल बाईक पर तिरंगा लहराते हुए निकला। तिरंगा रैली शाम करीब 5 बजे पुलिस लाइन के शहीद पार्क से शुरू होकर पन्ना रोड, सटई रोड, बिजावर रोड, बस स्टैंड, चौक बाजार होते हुए पुनः शहीद पार्क पहुंचकर संपन्न हुई। रास्ते में जगह-जगह शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर पुलिस की तिरंगा रैली का स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में एसपी अमित सांघी के अलावा एडिशनल एसपी विक्रम सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### युवाओं ने दिया शांति और भाईचारे का पैगाम



वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समाज के युवाओं ने भी रविवार को शहर में तिरंगा यात्रा निकालकर शांति और भाईचारे का पैगाम शहर की आवाम को दिया। रैली में शामिल लकी अली ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ से पहले हमने शांति का संदेश देने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली है। शहर के मुश्किल कुशा अली से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा, चौक बाजार, महल तिराहा, डाकखाना चौराहा होते हुए मस्तान शाह मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोक उपस्थित रहे।

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पटेल की कांवड़ यात्रा 20 को



**खजुराहो, देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.घासीराम पटेल द्वारा श्रावण मास में 20 अगस्त को लवकुशनगर से खजुराहो तक विशाल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। उक्त कांवड़ यात्रा लवकुशनगर के सिद्ध क्षेत्र भुगरा बब्बा देवस्थल से प्रारम्भ होकर 21 अगस्त सोमवार को खजुराहो में मतंगेश्वर महादेव मंदिर में सम्पन्न होगी जहां पर मतंगेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। उक्त कांवड़ यात्रा के आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रकाश जटकरा पांडे की अध्यक्षता में एक बैठक घूरा के हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित हुई। उक्त कांवड़ यात्रा का सह संयोजक गोविंद सिंह टुरया को बनाया गया।

बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया साथ ही अधिक से अधिक संख्या में साधु संतों के साथ शिवभक्तों को शामिल कराने दायित्व निर्वहन सौंपे गए तथा सभी ने अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश गौतम, अनुरुद्ध सिंह ज्यौराहा, ओमप्रकाश पाठक धमना, सुशील जैन चंद्रनगर, रामकृपाल दीक्षित बमीठा, शिवदयाल पटेल टुरया, एड.पप्पू तिवारी बमीठा, महेन्द्र सिंह परिहार, जयराम तिवारी, भूपेन्द्र नायक, डॉ. महेन्द्र तिवारी, देवीदीन पटेल, गोपाल स्वरूप वाजपेयी, लखन मिश्रा, हरनारायण दीक्षित, राजू बाहरपुरा, रामस्वरूप रैकवार भियांताल, राजीव वाजपेयी, राजेन्द्र मिश्रा लखेरी, इंद्रपाल तिवारी, प्रताप सिंह, हल्के भइया पाठक, गनेश पाठक, रामराज सिंह, विनोद पाठक, राजकुमार अवस्थी, देवकीनन्दन तिवारी, महेश पाठक, आनंद चतुर्वेदी, चतरेश तिवारी, अरुण उपाध्याय, विनोद सेन, जंगू राजा गोरा, हल्के राजा नयागांव, गुरुप्रसाद मिश्रा, संजय त्रिवेदी, रवि दीक्षित, कमलेश पटेल, महेंद्र पटेल सहित गणमान्य जन शामिल रहे।

### शिवधाम पहुंचे पूर्व विधायक, सुख -समृद्धि की कामना

**छतरपुर, देशबन्धु।** पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शंकर प्रताप सिंह बुंदेला मुन्ना राजा एवं उनके पुत्र सिद्धार्थ शंकर बुंदेला ने रविवार को विशाल धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए। उक्त धार्मिक यात्रा ग्राम देवगांव से शिवधाम जटाशंकर तक निकाली गई। जटाशंकर धाम में पूर्व विधायक मुन्ना राजा और सिद्धार्थ शंकर बुंदेला के साथ यात्रा में शामिल लोगों ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और अच्छी बारिश की कामना की। जलाभिषेक के उपरांत जटाशंकर धाम में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्री बुंदेला ने स्वयं भक्तों को भोजन कराया।

आयोजन के संबंध में पूर्व विधायक मुन्ना राजा ने कहा कि यह कोई राजनैतिक आयोजन नहीं था, सावन माह में हर कोई भगवाल भोलेनाथ की आराधना करता है, इसी क्रम में क्षेत्रवासियों के साथ यह आयोजन किया गया है, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। सिद्धार्थ शंकर बुंदेला ने बताया कि ग्राम देवगांव से शुरू हुई इस यात्रा में शामिल भक्त दो पहिया और चार पहिया वाहनों से जटाशंकर धाम पहुंचे थे जहां हम सभी ने भोलेनाथ का अभिषेक कर आशीर्वाद लिया। धार्मिक यात्रा में पूर्व जनपद अध्यक्ष राजनगर बहादुर सिंह बुंदेला, बरद्वाहा के पूर्व सरपंच नौने लाल पटेल, नफीस खान पार्षद राजनगर, गणेशदत्त पटना, महेश सैनी, अरविंद सिंह, महोम सिंह, अनारी पाल, लखन दुबे, चौबे चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


# विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नौगांव, देशबन्धु।** विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत शनिवार को नौगांव कोर्ट के समस्त न्यायधीश गण तक्षशिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल दौरिया में बच्चों के बीच पधारे। सरस्वती पूजन अर्चन के पश्चात समस्त अतिथितियों का तिलक और पुष्पहार के द्वारा संस्था के बच्चों ने स्वागत किया, तत्पश्चात प्रथम जिला न्यायधीश मनोज कुमार शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वह उनलोगों के बीच उनकी जिज्ञासायें शांत करने आये हैं, अत: वे उनसे अपने मन के प्रश्न सकते हैं, तब बच्चों ने अपने मनों में उठ रहे अनेक प्रश्न पूँछें। जिनका समाधान न्यायाधीश गणों ने बड़ी ही सहजता के साथ किया, इससे बच्चों को बहुत खुशी का अनुभव हुआ, जबकि वे जजेज से फेस टू फेस इस तरह संवाद कर पा रहे हैं। द्वितीय जिला न्यायधीश दिनेश कुमार प्रजापति ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्हें समाज का एक नेक इंसान तथा देश का जागरूक नागरिक बनने की अपील की। इस अवसर पर सिविल जज श्रीमती बिंदु पटेल ने बच्चों के प्रश्न के तारतम्य में कहा कि आजकल ज्यूडिशियल में मातृ शक्ति का प्रतिनिधित्व दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जज शरद जायसवाल तथा जज मानवेन्द्र सिंह यादव भी इस अवसर पर बच्चों के बीच उपस्थित रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम सोनी ने भी बच्चों को सम्बोधित करते हुए कानून के प्रति जागरूक किया। वरिष्ठ अधिवक्ता वंदना सक्सेना, राकेश खरे तथा अंजोर चतुर्वेदी जी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। प्रख्यात समाज सेवी संतोष कुमार गंगेले कर्मयोगी, दौरिया ग्राम के सरपंच धीरज सिंह बुंदेला सहित अन्य अनेक गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे। अंत में स्कूल परिषर में पौध रोपण भी किया गया। संस्था प्रमुख रमाशंकर मिश्र ने सभी माननीय अतिथियों का आभार जताया और अनुरोध किया कि वह लोग इसी तरह बच्चों के बीच हमेशा पधारते रहें।

### वार्षिक रिपोर्ट कार्ड में जिला चौथे पायदान पर

**छतरपुर, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने गत दिवस राजधानी में प्रदेश की जिलेवार रैंकिंग जारी की जिसमें उनके द्वारा कक्षा 1 से 8 तक का जिलेवार रिपोर्ट कार्ड जारी किया गया। जिसमें छतरपुर जिले ने चौथा स्थान प्राप्त किया। डीपीसी अरूणशंकर पाण्डेय ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा गत वर्ष से जिलों का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड जारी करना आरंभ किया गया था जिसमें दूसरी तिमाही में छतरपुर ने प्रथम स्थान एवं तीसरी तिमाही में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। गत दिवस स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा जिलों का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड जारी किया गया जिसमें राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 1 से 8वीं तक) हेतु समग्र शिक्षा योजना अंतर्गत छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों का क्षमता संवर्धन, शालाओं में उपलब्ध संसाधन, कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन तथा जिला स्तर पर किए जा रहे विशेष प्रयासों को शामिल किया गया। नामांकन तथा ठहराव, सीखने के परिणाम और गुणवत्ता, शिक्षक व्यवसाय विकास, समानता, अधोसंरचना तथा सुविधाएं, सुशासन प्रक्रियाएं और वित्तीय प्रबंधन तथा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम इन सात मुख्य घटकों के अंतर्गत 36 पैरामीटर/इंडीकेटर्स को सम्मिलित कर प्रदेश के सभी 52 जिलों की रिपोर्ट और रैंकिंग तैयार की गई जिसमें सत्र 2022-23 में छतरपुर जिले ने प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। जिले की इस उपलब्धि को डीपीसी ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं जिले के समस्त शिक्षकों, बीआरसी, बीएसी एवं सीएसी के सहयोग का परिणाम बताया है साथ ही भविष्य में और उच्च पायदान पर जिले को लाने हेतु किए जाने वाले सभी सकारात्मक प्रयासों की बात की।

# जानकी मंदिर करीला में चढ़ाई 251 फिट की चुनरी



**सिरोंज, देशबन्धु।** दामोदर खेड़ी के समस्त ग्राम वासियों ने माता जानकी मंदिर करीला में 251 फिट की विशाल चुनरी चढ़ाई। ग्रामवासी देवकीनन्दन शर्मा ने बताया कि सैकड़ों की संख्या में माता के भक्त अपने हाथों में माता की चुनरी लेकर डी.जे के भजनों की धुन पर थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। विशेष बात इस चुनरी यात्रा में यह रही कि यहां सभी समाजों के लोग विना किसी भेदभाव विना किसी ऊंच नीच के सभी समानता के साथ, सामाजिक सद्भाव एवं सामाजिक एकता का परिचय देते हुए माता रानी के जोरदार जयकारे लगाते हुए माता रानी की भक्ति में छोटे छोटे बच्चे, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग आदि सभी भाव विभोर थे। सरपंच प्रतिनिधि विकाश विश्वास एवं केशव गौर ने बताया कि ग्राम के समस्त समाजों के लोगों से इस चुनरी यात्रा में भंडारे के लिए चंदा एकत्रित किया गया था जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विशाल भंडारे का आयोजन माता के दरबार में हुआ। इस विशाल चुनरी यात्रा का मार्ग में पड़ने वाली समस्त ग्रामों के सरपंच प्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने जगह जगह स्वागत किया पानी,चाय एवं फलाहार की व्यवस्था भी की। इस चुनरी यात्रा के दौरान खुन्नी लाल गौर, मन्नूलाल शर्मा, सुरेश गौर, हमीर सिंह, बालाराम साहू,मोनू गौर, चंद्रमोहन शर्मा, कल्लू गौर, प्रवेश शर्मा ,धनराज शर्मा, दिनेश गौर,संतोष शर्मा आदि सभी समाजों के लोग उपस्थित रहे।

### पार्षद ने की जांच की मांग



**सिरोंज, देशबन्धु।** नपा में वार्ड क्रमांक 20 के एकमात्र सपा पार्षद फारूख असलम गौरी ने नगर पालिका परिषद में पदस्थ प्रभारी सीएमओ बालमुकंद कुशवाह को पद मुक्त किये जाने पर सवाल उठाए है। गौरी ने आरोप लगाया है कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी आनंद सिंह का छुट्टी पर जाना, फिर वापस न आना लटेरी नगर पंचायत में पदस्थ उप राजस्व निरीक्षक प्रभारी सीएमओ बालमुकंद कुशवाह का सिरोंज नपा में प्रभारी सीएमओ बनना नगर पालिका सिरोंज में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों को नजर अंदाज करना कोई तो बात है। उन्होंने कुशवाह के कार्यकाल की जांच की मांग की है।

# नर्मदा सेवा यात्रा में आंवली घाट पर की महाआरती



**भेरुन्दा/ आवलीघाट, देशबन्धु।** नर्मदा की आरती के साथ नर्मदापुरम जिले से प्रारंभ हुई नर्मदा सेवा यात्रा अपने द्वितीय चरण में बुदनी के आंवली घाट पर मां नर्मदा महाआरती पूजा की गई। इसमें नर्मदा सेना के समन्वयक विक्रम मस्ताल शर्मा, रवींद्र साहू और हज़ारों की संख्या महिला शक्ति और बुधनी विधानसभा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कई लोगों ने नर्मदा सेवा सेना की सदस्यता ली और मां नर्मदा की अस्मिता की रक्षा करने शपथ ली। समन्वयक शर्मा ने कहा कि पुण्य सलिला मां नर्मदा के संरक्षण और संवर्धन ही नर्मदा सेवा का एकमात्र लक्ष्य है। नर्मदा सेवा सेना इस पुण्य कार्य को अनवरत जारी रखेगी। प्रमुख रूप से बुधनी विधानसभा के अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पूर्व ब्लाक अध्यक्ष एवं वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे। जिसमें बुधनी से, प्रदेश सचिव अर्जुन शर्मा, बुधनी से नर्मदा नृत्य आरती समिति की संरक्षक एवं प्रदेश सचिव कंचन शर्मा, राजेंद्र यादव बुधनी ब्लॉक अध्यक्ष एवं योगेश राजपूत सोनू कार्यकारी अध्यक्ष, विपुल यादव, अजय यादव, रेहटी के ब्लाक अधक्ष प्रेम गुप्ता, मंगल सिंह ठाकुर मंगल विष्णु ठाकुर सलकनपुर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष विष्णु ठाकुर केशव चौहान देवी सिंह थारोल संजय हवेली, संजय मालवीय, मुकेश शर्मा, विजय वर्मा, रमा पटेल ममता कीर आदि शामिल रहे।

# भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव जमकर नाचे श्रद्धालु



**गैरतगंज, देशबन्धु।** ग्राम जमुनिया में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन वैजनाथ लोधी रामनारायण पटैल के परिजनों द्वारा करवाया जा रहा है। भागवत कथा के चौथे दिन पंडित रेवा शंकर शास्त्री ने कहा कि आज कलयुग में भक्तों के लिए श्रीमद भागवत कथा की रसधारा बह रही है। मनुष्य को इसे ग्रहण करने की आवाश्यकता है। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म लीलाओं का वर्णन किया। श्रीकृष्ण के जन्म पर श्रोता जमकर झूमे। कथा वाचक पं.रेवा शंकर ने भगवान श्री कृष्ण जन्म कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जीव जब साधना करने बैठ जाता है तब संसार रुपी हथकड़ियां और पैरों की बेडियां टूट जाती है और ईश्वर के प्रेम के दरवाजे खुल जाते हैं। भगवान कभी जन्म नहीं लेते अवतार धारण करते हैं, प्रगट होते हैं। उन्होंने देवकी-वासुदेव प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। भक्तों का उद्धार करने के लिए भगवान को जेल में प्रगट होना पड़ा, लेकिन उनका लालन पालन नंद गांव में हुआ भक्तों के द्वारा जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप की झांकी सजाकर जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव पर श्रोताओं ने जमकर नृत्य किया तथा मिठाई बांट कर खुशिंया मनाई एवं श्रीकृष्ण के जन्म पर बधाईयां व मिठाइयां बांटी गई इस दौरान श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल के गीत गाते हुए जमकर झूमे। पंडित रेवाशंकर शास्त्री कहा कि हमारी धर्म के परिपालन में जितनी दृढ़ता होगी ,उतनी ही हमारी आत्म शक्ति में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि शरीर का धर्म अलग है और आत्मा का धर्म अलग है। शरीर जिस प्रकार व्यायाम करने से, योग आसन करने के माध्यम से पुष्ट और शक्तिशाली होता है, इसी प्रकार आत्मा भी यम नियम पूर्वक परमात्मा का ध्यान करने ,साधना करने और पूजा पाठ करने से ,आत्मबल में वृद्धि होती है। हमारा कर्तव्य है कि हम हमारे धर्म का पूर्ण श्रद्धा के साथ, निष्ठा के साथ पालन करें । भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है कि अपने धर्म में मरना श्रेष्ठ है, किसी दूसरे धर्म में प्रवेश करने की अपेक्षा या उसकी प्रशंसा करने की अपेक्षा। धर्म का पालन संपूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ ही जीवन में करना चाहिए । धर्म की रक्षा हम करते हैं, तो धर्म हमारी रक्षा करता है ।कथा विश्राम के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कथा में बड़ी में संख्या में महिला-पुरूष शामिल थे।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### मुख्यमंत्री के ताप विद्युत गृह में आगमन की चर्चा, की जा रही सफाई



**सारनी, देशबन्धु।** 11 साल के लंबे इंतजार के बाद 24 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल इकाई का भूमिपूजन कर सकते है। इसकी चर्चा नगर में चल रही है और इसको लेकर तैयारी भी की जा रही है। इसको लेकर पावर जनरेटिंग कंपनी के सिविल विभाग के माध्यम से 62.5 मेगावाट की छोटी पांच इकाइयों के स्थान के आसपास सफाई की जा रही है। हालांकि प्रशासनिक महकमें में मुख्यमंत्री चौहान के विद्युत गृह सारनी में आगमन की तिथि को लेकर अभी थोड़ा असमंजस बना हुआ है। पदाधिकारी एवं प्रशासनिक महकमें का कहना है कि 24 या 26 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सारनी पहुंचकर 660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल इकाई की स्थापना को लेकर भूमिपूजन कर सकते हैं।

### बिजली सब स्टेशन निर्माण में देरी, ग्रामीणों ने लगाए चुनाव बहिष्कार के बैनर



**मुलताई, देशबन्धु।** ब्लाक के ग्राम माथनी में बिजली सब स्टेशन के निर्माण में हो रहे विलंब को लेकर ग्रामीण आक्रोश में है। बीते दिनों ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को जल्द निर्माण कार्य करने के लिए ज्ञापन भी सौंपा था। लेकिन निर्माण कार्य में गति नहीं आने से चलते ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए ग्राम के मैदान के सामने बिजली के पोल पर आगामी विधान सभा चुनाव का सामूहिक बहिष्कार,रोड जाम और आमरण अनशन का बैनर लगाया है। ग्रामीणों ने बताया बीते 31 जुलाई को बिजली सब स्टेशन का निर्माण कार्य तत्काल चालू करने की मांग को लेकर बिजली कंपनी के उप महाप्रबंधक और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। साथ ही ऊर्जा मंत्री और प्रभारी मंत्री को भी ज्ञापन भेजा था। उसके बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया सब स्टेशन नहीं होने से किसानों को वोल्टेज की समस्या से परेशान होना पड़ता है। मांग के समर्थन में ग्रामीण अब बिजली कंपनी के कार्यालय के सामने आमरण अनशन भी करेंगे।

# 6 माह से रुके विद्युतीकरण कार्य पूरे करने की बनाई रूपरेखा

▶ नगर पालिका में हुई बैठक



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में बीते 6 माह से रुके पड़े विद्युतीकरण के कार्य अब प्रारंभ हो सकेंगे। इसको लेकर नगर पालिका में विद्युत विभाग के एई न.पा. उपयंत्री एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष पार्षदों ने बैठक लेकर नगरीय क्षेत्र में रुके सभी विद्युतीकरण के कार्य शीघ्र पूर्ण करने की रूपरेखा बनाई। मुलताई नगर में पोल स्थानांतरण, 11 केवी लाइन परिवर्तन एवं विद्युतीकरण के कुल 15 कार्य किए जाने हैं। विद्युत विभाग की ओर से इस बैठक में शामिल हुए है सुमित सोनी एई ने जनप्रतिनिधियों को विश्वास दिलाया कि प्रस्तावित 15 कार्यों में से 1 सप्ताह के भीतर 5 कार्यों के एस्टीमेट बनाकर स्वीकृति के लिए जिला स्तर पर भेज दिए जाएंगे इसके उपरांत शेष 9 कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण किए जाने का प्रयास करेंगे उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्य इसलिए भी लेट हुए क्योंकि अधिकारी इन कार्यों को लेकर गंभीर नहीं होते थे। नगर पालिका के उपयंत्री योगेश अनेराव ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युतीकरण के जो कार्य पेंडिंग है उनमें ताप्ती वार्ड, राजीव गांधी, आजाद वार्ड, गांधी वार्ड में पोल स्थानांतरण किया जाना है इसके अलावा गुरु साहब बार्ड, राजीव गांधी वार्ड,नेहरू वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड और पटेल वार्ड में विद्युतीकरण के कार्य किए जाएंगे। भगत सिंह वार्ड और ताप्ती वार्ड में 11 केवी हाई टेंशन लाइन का स्थान परिवर्तन किया जाना शामिल है। बैठक में भाग लेने वालों में उपाध्यक्ष शिवकुमार माहोरे, पार्षद एवं सभापति सुरेश पौनीकर, पार्षद निर्मला उबनारे, प्रहलाद परमार,किशोर सिंह परिहार प्रमुख है।

# ईमानदारी: पोस्ट ऑफिस से गलती से अधिक मिले 10 हजार गरीब महिला ने लौटाए



**मुलताई, देशबन्धु।** आज के समय में जहां थोड़े से पैसे के लिए लोग कुछ भी कर गुजरते हैं वहीं विवेकानंद वार्ड की एक गरीब महिला ने पोस्ट ऑफिसर की गलती से ज्यादा मिल गए 10 हजार रुपए दूसरे दिन पोस्ट ऑफिस जाकर वापस लौटाकर इमानदारी की मिसाल कायम की। नगर के विवेकानंद वार्ड निवासी संगीता पति संजय बारस्कर ने बताया कि वे गुरुवार पोस्ट ऑफिस में अपने खाते से रुपए निकालने के लिए पहुंची थी। जहां पर उन्होंने 10 हजार का विड्राल भरकर दिया, लेकिन पोस्टल असिस्टेंट सुरेश पठाडे द्वारा गलती से 100 की नोटों वाली गाड्डी देने के बजाय 200 के नोटों वाली गड्डी कुल 20 हजार रूपए दे दिए थे। इधर शाम को जब पोस्ट ऑफिस में क्लोजिंग हुई तब रूपए कम पड़ने पर हड़कंप मच गया। दिन भर हुए लेनदेन को खंगाला गया। एक-एक कर सभी ग्राहकों से संपर्क किया गया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई तो इसी दिन विड्रोल करने वाले एक अन्य व्यक्ति जोकि पोस्टल असिस्टेंट का रिश्तेदार था उससे पैसे उधार लेकर पोस्ट ऑफिस में जमा किए इस प्रकार क्लोजिंग हो पाई। उसी दिन शाम संगीता ने पैसों की जरूरत पड़ने पर मजदूरों को पैसे देने के लिए निकाले तब पता चला कि उन्हें 10 हजार रूपए अतिरिक्त आ गए हैं। जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल एजेंट को दी। शनिवार अपने पुत्र गगन बारस्कर और ताप्ती ब्रिगेड के युवाओं के साथ पोस्ट ऑफिस पहुंचकर अतिरिक्त रूपए वापस लौटाए। पोस्टल असिस्टेंट सुरेश पठाडे द्वारा बताया गया कि भूलवश उन्होंने ज्यादा रूपए दे दिए थे।

# ज्योतिषी और जनप्रतिनिधियों ने देखा रानीपुर का पुलिस म्यूजियम



**सारनी, देशबन्धु।** पुलिस म्यूजियम का जिले के ज्योतिष एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से रविवार को रानीपुर थाने में पहुंचकर इसका निरीक्षण किया। इस अवसर पर ज्योतिष आचार्य ने रानीपुर थाने पर ब्रिटिश शासन के जमाने में हुए लाल थाने पर हमले के निशान देखे साथ ही उन्होंने उस जमाने में पहनी जाने वाली वर्दियां देखी। साथ ही उस जमाने में किस प्रकार से एफआईआर की जाती थी उसका भी अवलोकन किया।

थाना प्रभारी अवधेश नारायण तिवारी ने उस जमाने में उपयोग होने वाले टाइपराइटर, टेलीफोन, वायरलेस सेट, बंदूक की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर सदन आर्य ने कहा कि बैतूल की पूर्व पुलिस अधीक्षक सीमाला प्रसाद के माध्यम से रानीपुर के पुराने थाने को म्यूजियम बनाकर प्रदेश में इस थाने का महत्व अलग बना दिया है,उन्होंने कहा कि उनके कार्य शैली और कार्य करने की जितनी तारीफ की जाए वह कम है उन्होंने कहा कि उन्हीं की वजह से प्रदेश का पुलिस पर पहला म्यूजियम बैतूल जिले के रानीपुर थाने को मिला है जो तारीफ योग्य है। इस अवसर पर प्रसिद्ध ज्योतिषी कांतू दीक्षित के साथ जन प्रतिनिधि सदन आर्य,नरेंद्र जयसवाल,राजू हीरानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सैनानी परिवार की वयोवृद्ध फहराएंगी तिरंगा

**बैतूल, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल मंगलवार शहीद भगत सिंह चौक गंज पेट्रोल पंप के सामने प्रात: 8 बजे स्वतत्रता संग्राम सैनानी परिवार की वयोवृद्ध 99 वर्षीय शकुंतला भाटिया और उमा बाई शर्मा द्वारा सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर नगर के वयोवृद्ध गणमान्य नागरिक बलबीर सिंह वालिया, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, चरणजीत सिंह वालिया, डॉ.सतीश खंडेलवाल, दिनेश जोसेफ, सलाम साहब, एफएल सरनकर, यादोंराव कुभारे, रामदीन परते, वासुदेव जसूजा प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

# चौथिया से पवित्र नगरी पहुंची कावड़ यात्रा

▶ नगर के तारेश्वर शिव मंदिर से महिलाओं ने निकाली कावड़



**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत चौथिया से ग्रामीणों ने पवित्र नगरी मुल्ताई तक कावड़ यात्रा निकाली । पवित्र नगरी मुल्ताई से ताप्ती सरोवर का पवित्र जल लेकर पुनः वापस पैदल लौटते हुए ग्राम चौथिया के शिवमन्दिर सहित सभी अन्य मंदिरों का जलाभिषेक किया गया । ग्रामीणों ने बड़े उत्साह , श्रद्धा भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए कामना की।इस अवसर पर मुख्य रूप से राजू अनुराग पवार,जनपदसदस्य अजय बारस्कर , सरपंच उषा तुलसीराम धुर्वे, उप सरपंच सतीश डोंगरडिए , अशोक बारंगे , प्रदीप बारंगे , विकास पवार,ईश्वर पवार सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं , बच्चे, बुजुर्ग और ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

# रसोईयां बहनों की समस्याओं को कांग्रेस वचन पत्र मे करेगी शामिल: पांसे

**मुलताई, देशबन्धु।** मुलताई,पट्टन क्षेत्र की सैकड़ों रसोईया संघ की बहनों ने विधायक सुखदेव पांसे के निवास पर पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौप अपनी समस्याओं से अवगत कराया। रसोईया संघ की बहनों ने बताया कि बढ़ती महंगाई के इस दौर में उन्हें मात्र 1000 से 2000 रुपए मासिक वेतन मिलता है और आंगनबाड़ी में तो मात्र 500 रुपए है इतने कम पैसे में हम अपने जीवन का निर्वाह कैसे करें। इस अवसर पर विधायक सुखदेव पांसे ने रसोईया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप हमारे परिवार की बहने हो हमारा सुख दुख का साथ रहा है। हम रसोईया बहनों की समस्याओं को आगामी विधानसभा के वचन पत्र में शामिल कर रहे हैं और कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनते ही हमारी पहली प्राथमिकता रसोईया बहनों के समस्याओं का समाधान करना होगा रसोईया संगठन से



चर्चा के दौरान विधायक के साथ युवा कांग्रेस नेता सुमित शिवहरे उपस्थित थे । सौपे गए मांग पत्र में रसोईया संघ ने बताया है कि 15-16 वर्ष से मध्यान भोजन संचालित कर रही है, इसके बाद मात्र 1000 से 2000 के मध्य राशि प्राप्त होती है हम सभी रसोईया इतनी कम वेतन में अपना जीवन यापन कर रही है, जिसके कारण महंगाई के इस दौर में जीवन यापन बहुत ही कठिन है। दर्ज संख्या शासकीय स्कूल में कम होने के कारण रसोइयों को निष्कासित किया जा रहा है, जबकि आंगनवाड़ी एवं शिक्षाकर्मी को अच्छा वेतन दिया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने वाली बहनों में सविता करमे जिला अध्यक्ष रसोईया संघ सचिव चित्रा नागले, बेला भोयरे, बबीता ठाकरे ,गीता फाटे, कमला हुरमाड़े, मुलताई से सुनीता बैचले, शशि बचले, सविता गोहे, कजीना शेख, चंद्रकला बांमने, गया पिपरदे, संगीता नगदे, सुगमती साहू आदि प्रमुख है।

# एसडीएम कार्यालय भवन लोकार्पण में विधायक को नहीं किया आमंत्रित

**सारनी, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन शाहपुर का लोकार्पण 14 अगस्त को किया जाना है। इस कार्यक्रम में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे,नगर पालिका सारनी अध्यक्ष किशोर बरदे को आर्मंत्रित नहीं किया गया है। जबकि यह राजस्व कार्यालय आमला विधानसभा और नगर पालिका परिषद सारनी के कार्य क्षेत्र में है। राजस्व कार्य के लिए सारनी नगर पालिका का दल शाहपुर आता है। कार्यालय के लोकार्पण के लिए आमंत्रण पत्र एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह के माध्यम से वितरण किया गया है। जिसमें सांसद दुर्गादास उनके मुख्य अतिथि तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राजा पवार अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है, लेकिन जिले के भाजपा के एकमात्र विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे को आमंत्रित नहीं किए जाने से पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारियों मे आक्रोश है।

बताया जाता है कि भारतीय जनता पार्टी भाजपा मंडल शाहपुर के सोशल मीडिया पर एसडीएम के खिलाफ भाजपा के कार्यकर्ता खुलकर लिख रहे है। घोड़ाडोंगरी के भाजपा के आदिवासी नेता दीपक उईके ने आदिवासी मंडल अध्यक्ष को कार्यक्रम में न बुलाना आदिवासी समाज का अपमान बताया है। ऐसी स्थिति में एक करोड़ 15 लाख 50 हजार की लागत से निर्मित हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन का लोकार्पण अधर में लटकता दिखाई दे रहा है। आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने इस लोकार्पण कार्यक्रम में उन्हें अतिथि के रूप में न बुलाए जाने को लेकर कलेक्टर एवं शाहपुर एसडीएम की मुख्यमंत्री के ओएसडी को शिकायत भी दर्ज करा दी गई है।

# मजदूर संघ का मिलन समारोह आयोजित



**सारनी, देशबन्धु।** मजदूरों के हित और उनके कार्य को ध्यान में रखकर ही भारतीय मजदूर संघ कार्य करती है। यह बात भारतीय मजदूर संघ बीएमएस के एरिया अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने मिलन समारोह के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मिलन समारोह का कार्यक्रम शोभापुर के कैलाश नगर स्थिर डोंगरे लोन में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ मजदूरों के हित और अधिकारियों के लिए हमेशा संघर्ष करता आया है और संघर्ष कर रहा है यही वजह है कि वेतन समझौता 11 में भी मजदूरों को बेहतर लाभ दिलाने का कार्य बीएमएस यूनियन के माध्यम से किया गया इस अवसर पर एटक एवं कोयला श्रमिक सभा से सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने बीएमएस यूनियन का दामन थामने का कार्य किया है।बीएमएस यूनियन के संयुक्त महामंत्री एसएन बारस्कर स्नेह मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के पदाधिकारी और संगठन का एक-एक कार्यकर्ता मजदूरों को कहां लाभ मिल सकता है उस लाभ को कैसे दिलाया जा सकता है इस पर ही विचार विमर्श करने का कार्य करता है और कर भी रहा है।बीएमएस यूनियन के वरिष्ठ श्रमिक नेता यासीन खान ने कहा कि बीएमएस में एक नियम वाली के तहत कार्य करके अपने मजदूरों का लाभ पहुंचाने का कार्य करता है।इसे उद्देश को देखते हुए बीएमएस यूनियन से भूमिगत खदानों में काम करने वाले कर्मचारी अधिकारी लगातार जुड रहे है। मिलन समारोह कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीएमएस यूनियन के पदाधिकारी कार्यकर्ता डोंगरे लोन में उपस्थित रहे कार्यक्रम में आए अतिथियों का आभार बीएमएस यूनियन के वरिष्ठ नेता मनीष सिंह ठाकुर के माध्यम से किया गया।

### रेवा पर्यावरण क्लब ने किया पौधरोपण




**हरदा, देशबन्धु।** रेवा पर्यावरण क्लब द्वारा रविवार को महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास स्थित बालक छात्रावास परिसर में पौधरोपण किया गया।इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक सुबोध शुक्ला, अशोक शुक्ला एवं संजय सराफ ने अपने पितरों की स्मृति में क्लब को पौधे प्रदान किए,वहीं समाजजनों की उपस्थिति में 12 पौधे रोपे गए।क्लब से जुड़े कमलेश पारे ने बताया कि पौधरोपण के साथ हमारा संरक्षण का भी मुख्य प्रयास रहता है।इस अवसर पर ज्योतिषि डॉ अरविंद शुक्ल ने बताया कि पौधों का ज्योतिषी महत्व भी है,पौधों के फूल,कोमल पत्ते तोड़ने से शुक्र ग्रह, तना तोड़ने से मंगल, जड़ सहित उखाड़ने से शनि ग्रह प्रभावित होता है।इस अवसर पर अशोक शुक्ला,अनिल चैतन्य,बंटी गुहा,राजेश राजवैद्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता अनिल गुहा,राजेश जोशी,अनिल पगारे, एलके पारे,पद्माकर,योगेश सिटोके,दीपक शुक्ला,सहित क्लब सदस्य उपस्थित थे।अंत में आभार राजेश जोशी ने व्यक्त किया।

# पूर्व जिपं अध्यक्ष की पुण्यतिथि पर मरीजों को बांटे फल



**भैंसदेही, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्व. पंजाबराव कावड़कर की तृतीय पुण्यतिथि पर मरीजों को फल वितरित किये गये। इसके पूर्व शहर के कांग्रेसियों, सामाजिक एवं गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजली कार्यक्रम देशमुख कांपलेक्स शीतला चौक पर आयोजित किया। जिसमें स्व. पंजाबराव कावड़कर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक धरमूसिंह सिरसाम ने कहा कि स्व. पंजाबराव कावड़कर को हर व्यक्ति उनके कामों से जनता है। आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम ने कहा कि कावड़कर द्वारा समाज सेवा एवं पार्टी के प्रति किए गए कार्य को कभी बुलाया नहीं जा सकता। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित श्याम नारायण तिवारी ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि सभा में उपस्थित किसी को स्व. पंजाबराव कावड़कर के बारे में कुछ बताने की जरूरत है, क्योंकि मैं जानता हूं कि यहां कोई ऐसा नही है, जो स्व. कावड़कर को नहीं पहचानता होगा। उन्होंने अपने कामो और कर्मो से जीवन को सार्थक बनाया। उनके कामो की आज भी हर कोई प्रशंसा करता है। मंडलम अध्यक्ष धर्मेन्द्र मालवीय ने स्व. कावड़कर के व्यक्तिगत जीवन के बारे में बात करे या सामाजिक, राजनीतिक जीवन, उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरक के रूप में रहा है। उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन हम सभी को मिलता रहे, मेरी यहीं कामना है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर स्व. पंजाबराव कावड़कर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरित भी किये गये। कार्यक्रम में पप्पू अनिल कावड़कर, संजय कावड़कर, पुत्र गौरव कावड़कर, श्याम नारायण तिवारी, नारायण घाणेकर, संजय देशमुख आदि मौजूद रहे।

## सार समाचार

### जुनानिया बने पॉवर लिफ्टिंग के नेशनल रेफरी



**इटारसी, देशबन्धु।** काशीपुर उत्तराखंड में हुई राष्ट्रीय सीनियर पुरुष व महिला पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में आयोजित राष्ट्रीय निर्णायक परीक्षा पास कर इटारसी के जगदीश जुनानिया नेशनल रेफरी बन गये हैं।

उनको यह उपलब्धि हासिल होने पर जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज बामने, मनोज बोहित, प्रेम नारायण पांडे, ओपी सेन, विलास ढगे, समरजीत सिंग, मोहित मजूमदार, अनव अठोत्रा, शुभम धौलपुरिया, आशीष मेहरा, हर्ष यादव, किरण शर्मा, पूजा मालवीय सहित समस्त खिलाड़ियों ने बधाई प्रेषित की।

### कलेक्टर-एसपी ने पचमढ़ी में कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के पचमढ़ी स्थित राजभवन में ध्वजारोहण करेगें। रविवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने पचमढ़ी में राज्यपाल श्री पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर ध्वजारोहण कार्यक्रम, मंच व्यवस्था, गणमान्य नागरिकों के आमंत्रण, ट्रैफिक, पार्किंग, सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यक्रमों के लिए सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करें।

### हर घर तिरंगा अभियान : विशाल ऑटो रैली निकाली



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** हर घर तिरंगा अभियान का रविवार को शुभारंभ हुआ। देश की आन बान और शान राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जन जागरूकता के उद्देश्य से जिले में विशाल ऑटो रैली निकाली गई। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं डॉ गुरकरन सिंह ने कलेक्ट्रेट में ऑटो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से होती हुई पोस्ट ऑफिस, कोठी बाजार, सदर बाजार सहित शहर के अलग-अलग मार्गों से सतरस्ते पर पहुंची। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी निशा चौहान सहित अन्य अधिकारी और ऑटो संचालक मौजूद रहें। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत कलेक्टर के मार्गदर्शन में ऑटो रैली का आयोजन किया गया है। रैली में करीब डेढ़ सौ ऑटो चालक शामिल हुए। रैली के माध्यम से हर घर तिरंगा फहराने और ट्रैफिक नियमों का पालन कर देश प्रेम प्रकट करने का संदेश दिया गया। इस दौरान सभी ऑटो चालकों को फर्स्ट एड किट प्रदान की गई।

### श्री कृष्ण यादव समाज कल्याण समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**इटारसी, देशबन्धु।** श्री कृष्ण यादव समाज कल्याण समिति इटारसी जिला नर्मदापुरम मध्यप्रदेश के द्वारा सर्व यादव समाज की महिला-पुरुष, युवा शाखा की संयुक्त बैठक आज रविवार को श्री यादव भवन इटारसी में आयोजित की गई। बैठक में मासिक मासिक आय-व्यय पर चर्चा, श्री यादव भवन में निर्माण व सुधार कार्य पर चर्चा, यदु कुल श्रेष्ठ भगवान कृष्ण के जन्माष्टमी पर्व के आयोजन पर चर्चा कर उपस्थित सदस्यों ने विचार विमर्श किया।

कवि भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम से निकाली रैली

# 'हर घर तिरंगा' रैली में उत्साहित बच्चों ने लगाए देशभक्ति के नारे





◆ **15 अगस्त तक चलेगा 'हर घर तिरंगा' अभियान**

**इटारसी, देशबन्धु।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज रविवार को रैली निकाली गयी। आज से हर घर तिरंगा अभियान का आगाज रैली से किया गया। रैली पं.भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम से प्रारंभ हुई। नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत और स्वास्थ्य समिति के सभापति राकेश जाधव ने रैली को रवाना किया। रैली का नेतृत्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा ने किया।

उल्लेखनीय है कि देशभर में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। देश के लोगों में राष्ट्रीयता की भावना अपने राष्ट्रध्वज के प्रति श्रद्धा बनाये रखने और जागरुकता के लिए इस अभियान के अंतर्गत रैली निकाली जा रही हैं। ऑडिटोरियम से पिछले वर्ष की तरह ही आमजन को अपने घरों पर लगाने के लिए तिरंगे सशुल्क प्राप्त होंगे। आज रैली ऑडिटोरियम से प्रारंभ होकर रेस्ट हाउस के सामने से महात्मा गांधी मार्ग से जयस्तंभ चौक पहुंची। यहां बच्चों ने देशभक्ति के नारे लगाये और हाथों में रखे तिरंगे लहराये। यहां से रैली वापस उसी मार्ग से ऑडिटोरियम के पास आकर संपन्न हुई। यहां नगर पालिका की ओर से बच्चों को जलपान कराया गया।

रैली में भाजपा पुरानी इटारसी के मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, सांसद प्रतिनिधि राजा तिवारी, पार्षद अमित विश्वास, जिम्मी कैथवास, कुंदन गौर, शैलेन्द्र दुबे, हॉकी खिलाड़ी कन्हैया गुरयानी, बेअंत सिंह बंजारा, कृष्णा राजपूत, अनुराग दीवान, चंद्रेश मालवीय, सुश्री मंजू ठाकुर, दीपक दुगाया, अपर्णा दास, निदा फरहीन, नपा उपयंत्री मुकेश जैन, रत्नेश पचौरी, राजेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र मालवीय, कमलकांत, जगदीश पटेल सहित नोबल कम्प्यूटर सर्विसेज, जीनियस प्लानेट स्कूल के स्टुडेंट, गुरुनानक पब्लिक स्कूल का बैंड दल, जिला हॉकी संघ के हॉकी फीडर सेंटर के बच्चे, राहत वेलफेयर सोसायटी, परिवर्तन संस्था, स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की टीम से सुनील यादव, कृपाल सिंह चौहान, युवा टीम शामिल रही।

#### इन्होंने कहा

*शासन के निर्देश पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत आज स्कूली बच्चों, स्व सहायता समूहों, सामाजिक, खेल संगठनों शैक्षणिक संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ जागरुकता रैली निकाली गयी। अभियान अंतर्गत नागरिकों को घरों के लिए तिरंगे भी प्रदान किये जाएंगे।*

***रितु मेहरा, सीएमओ***

*आज हर घर तिरंगा रैली में शामिल हुए। बच्चों में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। बच्चे अपने देश की स्वतंत्रता की वर्षगांठ मनाने के लिए उत्साहित हैं। हम रैली में शामिल सभी संगठनों, जनप्रतिनिधियों को परिषद की ओर से धन्यवाद देते हैं।*

***निर्मल सिंह राजपूत, नपा उपाध्यक्ष***

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बच्चों का उत्साह चरम पर

# कलेक्टर-एसपी ने बच्चों का किया उत्साहवर्धन



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरी गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं एसपी डॉ गुरकरण सिंह ने रविवार को पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों एवं समारोह स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान ध्वजारोहण से लेकर परेड की सलामी तक तथा परेड निरीक्षण का पूर्वाभ्यास किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा पीटी प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के दौरान तेज बारिश शुरु हो जाने पर भी बच्चों का उत्साह चरम पर रहा। तेज बारिश भी बच्चों का उत्साह कम नहीं कर पाई। बच्चों की प्रस्तुति देख कलेक्टर एवं एसपी ने भी बच्चों के बीच आकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर एवं एसपी डॉ सिंह ने परेड की फाइनल रिहर्सल देखी। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर 15 अगस्त को प्रात: 9 बजे आयोजित होगा। रिहर्सल के पश्चात कलेक्टर एवं एसपी ने सभी अधिकारियों को बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा, एसडीएम आशीष कुमार पांडे, संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान , सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, एसडीओपी पराग सैनी, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड राजेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुंजय सिंह बिसेन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित कुमार डेहरिया, जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

# भूले-बिसरे गीत के विजेता उपविजेताओं का सम्मान किया



**इटारसी, देशबन्धु।** सुरेश करिया मित्र मंडल ने बीती रात ईश्वर रेस्टॉरेंट में पिछले दिनों हुए कार्यक्रम भूले-बिसरे गीत के विजेता और उपविजेता कलाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर के अनेक संगीत ग्रुप्स के कलाकारों ने गीतों की प्रस्तुति भी दी।

कार्यक्रम में उपस्थित सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र ओझा, वरिष्ठ पत्रकार रोहित नागे, युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय दुबे, सुरेश करिया, राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कलाकारों विजेता श्रीमती अंकिता श्रीवास्तव, उपविजेता विशाल आम्बले, प्रथम रनरअप तनिष्का शर्मा और द्वितीय रनर अप नरेन्द्र घावरी को स्मृति चिह्न एवं सम्मान पत्र प्रदान किया। इन कलाकारों ने इस दौरान गीतों की प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सुरेश करिया ने कहा कि वे संगीत प्रेमी हैं और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। पंडित जितेन्द्र ओझा ने कहा कि पिछले दिनों नर्मदांचल म्यूजिक अकादमी ने संगीत का जो कार्यक्रम आयोजित किया था, उसके विजेता-उपविजेताओं को सम्मानित करके सुरेश करिया ने कलाकारों को और अच्छा करने की जिम्मेदारी बढ़ा दी है। देर रात तक चले कार्यक्रम में शहर के अनेक संगीत प्रेमी मौजूद रहे।

# डीआरएम ने किया रानीकमलापति-इटारसी रेल खंड का निरीक्षण



◆ **यात्री सुविधाओं का लिया जायजा**

**इटारसी, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने रानी कमलापति- इटारसी रेल खंड का विंडो (खिड़की) निरीक्षण कर इस रेल खंड पर स्थित रेल पुलों, रेल पथ, ओएचई, संबद्ध उपकरण एवं सिग्नल प्रणाली का सघन निरीक्षण किया एवं कार्य क्षमता को परखा तथा आवश्यक सुधार के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा की।

इटारसी स्टेशन पहुंचकर डीआरएम ने उपलब्ध यात्री सुविधाओं, खानपान यूनिटों, आरक्षण कार्यालय, बुकिंग कार्यालय, यात्री प्रतीक्षालय, शौचालयों, प्लेटफॉर्मों एवं सर्कुलेटिंग एरिया की साफ-सफाई का जायजा लिया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किये जाने वाले स्टेशनों में शामिल इटारसी स्टेशन के विकास के लिए तैयार किये गए मास्टर प्लान पर चर्चा की।

लॉबी का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली को परखा। कर्मचारियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा कर्मचारियों से ट्रेन संचालन से जुड़े कार्यों, सुरक्षा एवं संरक्षा नियमों के संबंध में पूछताछ की। रनिंग रूम का निरीक्षण कर वहां की साफ सफाई देखी। कर्मचारियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। रनिंग रूम में सुविधाओं को बेहतर बनाये रखने हेतु दिशा निर्देश दिये। कर्मचारियों से वार्ता कर ट्रेन संचालन से जुड़े कार्यों की जानकारी ली।

स्टेशन यार्ड का निरीक्षण कर संरक्षित एवं सुरक्षित ट्रेन संचालन हेतु सिग्नलिंग कार्य प्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने इस खंड के स्टेशनों का भी निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक के साथ वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (मध्य) महेंद्र सिंह, वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर (टेली.) राव अभिषेक सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरओ) संजय तिवारी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व पर्यवेक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्कूल स्तर की खेल प्रतियोगिताएं हुई प्रारंभ

# इटारसी में योग तो नर्मदा पुरम में रस्सी कूद से हुआ शुभारंभ



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहरागांव में योग की विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य हरीश चौलकर, अश्वनी मालवीय, अर्पण दुबे, बीपी चौरे, पूजा तिवारी, रघुवीर राजपूत एवं मेहरा गांव के स्टाफ की उपस्थिति में मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता में नर्मदापुरम विकासखंड के विद्यालय के शासकीय, आशासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य हार जीत नहीं, बल्कि शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास करना है। प्रतियोगिता में शासकीय कन्या पुरानी इटारसी शासकीय विद्यालय मेहरागांव, स्प्रिंगडेल सीनियर सैकंड्री स्कूल नर्मदापुरम, सरवाइट सीनियर सैकंड्री स्कूल नर्मदा पुरम के बच्चों ने भाग लिया।

ब्लॉक खेल अधिकारी बख्तावर खान ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान विकासखंड स्तर की टीम का चयन किया, जो जिला स्तर पर विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। जिन बच्चों का चयन हुआ है उनमें 14 वर्ष बालिका में वंशिका तिवारी सरवाइट स्कूल, संभवी तिवारी, अनन्या मालवीय, भाग्य मिश्रा एवं गीतांजलि, 17 वर्ष बालिका में शिवानी हर्षिका, नंदनी, अंजलि, अनामिका, 19 बर्ष बालिका में मुस्कान प्रतिमा और शौर्य का चयन हुआ।

बालक वर्ग में 14 वर्ष बालक प्रियांश, लक्ष्य, सार्थक शाश्वत, वैभव, 17 वर्ष बालक दिव्य प्रताप, देवांग, शिवा, सिराज, रूपेंद्र, 19 वर्ष बालक में शिखर, मेहराज, हरीश, हर्ष एवं प्रियांशु का चयन हुआ है। जिला खेल अधिकारी वंदना रघुवंशी ने बताया कि योग के सभी आयु वर्ग में चयनित 27 खिलाड़ी कोच पूजा तिवारी, बीपी चौरे, अर्पण दुबे के नेतृत्व में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# 3 दिवसीय सिंधी डिश कुकिंग काम्पटीशन का आयोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति भोपाल द्वारा भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में तीन दिवसीय सिंधी डिश कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। पूज्य पंचायत सिंधी समाज इटारसी के सहयोग से भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा द्वारा इटारसी शहर में इसका आयोजन 13 अक्टूबर शाम 4 बजे से सिंधु भवन सिंधी कालोनी में किया जिसमें 83 प्रतियोगियो ने भाग लिया। निर्णायक टीम भोपाल से आई जिसमें सिया आसूदानी, रेनू मनवानी, पिंकी लालवानी, रितु जयसिंघानी ने सिंधी डिश का टेस्ट लेकर निर्णय सुरक्षित किये। पूज्य पंचायत सिंधी समाज अध्यक्ष धर्मदास मिहानी और भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष गोपाल सिद्धवानी ने बताया कि जो भी मीठे और नमकीन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आएगा उनको भोपाल के समन्वय भवन में 20 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा।

# विधायक कप में गर्ल्स जमानी की टीम विजेता



**इटारसी, देशबन्धु।** इन दिनों मप्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विधायक कप खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन चल रहा है। इसी श्रंखला में विधानसभा सिवनी मालवा में विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कुसुम महाविद्यालय में किया। प्रतियोगिता के प्रायोजक कान्हा किसान सेवा केन्द्र जमानी रहे। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में जुझारपुर की टीम और महिला वर्ग में ग्राम जमानी की टीमों ने जीत हासिल की। गर्ल्स जमानी की टीम उप विजेता भी रही।

# संत के आते ही जो जाग जाएं वह भक्त हैं : विदेह महाराज



**इटारसी, देशबन्धु।** अधिक मास में श्री द्वारिकाधीश मंदिर में चल रही श्री राम कथा के छटवे दिन मुंबई से आये प्रसिद्ध राम कथाकार स्वामी विदेह महाराज ने हनुमान विभीषण मिलन की कथा को विस्तार से चित्रण करते हुए कहा कि लंका पहुंचकर हनुमान जी को यह लगा कि यहां तो केवल निशाचर ही हैं, यहां कोई सज्जन व्यक्ति कैसे हो सकता है? विभीषण के निवास के बाहर जाकर हनुमान जी के अंदर मन ही मन यह तर्क-वितर्क चल ही रहा था कि विभीषण जाग गए और राम नाम का स्मरण करने लगे।

कथा को विस्तार देते हुए स्वामी विदेह महाराज ने कहा कि श्रीरामचरित मानस के रहस्यों को समझने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है हनुमान जी से विभीषण का संवाद। संत के आते ही जो जाग जाए, वह भक्त है। संत के आने पर भी जो सोता रहे, वही रावण है। जो राम नाम हनुमानजी के मुख में मुद्रिका के रूप में था, विभीषण जी ने उसी नाम को जीवन में साकार कर दिखाया। तब हनुमान जी ने उन्हें साधु मानकर परिचय करने की ठान ली।

हनुमान जी ज्यों ही विभीषण के निकट गए, उसी क्षण विभीषण ने हनुमान जी से दो बातें पूछीं! पहली यह कि क्या आप भगवान के कोई निकटतम दास हैं? क्योंकि मेरे हृदय में आपको देखते ही भगवान के प्रति बहुत प्रेम उमड़ रहा है। अद्भुत प्रीति का उदय जैसा कभी नहीं हुआ। लगता है आप मुझे बड़भागी बनाने आए हैं। अब तक ऐसा अनुराग मेरे जीवन में कभी नहीं आया, आपके पधारते ही मैं अनुरागी और बड़भागी हो गया ।

**सोइ गुनग्य सोइ बड़भागी।**
**जो रघुबीर चरन अनुरागी।**

संत की यही परिभाषा है कि जिसे देखकर हमारी चित्तवृत्ति भगवद्भक्ति में डूब जाए। हम तभी बड़भागी होते हैं। रावण तो अपने पिता के नाम को धन्यता नहीं दे पाया, पर विभीषण ने विश्रवा मुनि की आत्मा को ठंडक पहुंचा दी। जीवन तो उसी का धन्य है, जिसे अपने पुत्र के सुयश को सुनकर आनंद की अनुभूति हो। सुयश सत्कर्म का ही परिणाम होता है।

संसार का कौन-सा ऐसा पिता है, जो अपने पुत्र के यश से आनंद और जीवन में धन्यता का अनुभव न करना चाहता हो। आयोजक मंडल के दीपक जीडी अग्रवाल सहित सभी सदस्यों ने व्यासपीठ का पूजन कर स्वागत किया। कथा के समापन अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया।

कुरवाई और भोपाल में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा, मुख्यमंत्री ने कहा-

# साँची में सौर ऊर्जा संरक्षण के लिए अदभुत प्रयास



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि रायसेनजिले के साँची में सौर ऊर्जा के संरक्षण के लिए अद्भुत प्रयास किया गया है। साँची, मध्यप्रदेश की पहली सोलर सिटी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज निवास कार्यालय समत्व भवन में साँची सोलर सिटी के संबंध में तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने भोपाल में 17 अगस्त को विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल प्रदाय के लिये राशि वितरण एवं सीएम राइज स्कूल के कार्यक्रम तथा विदिशा जिले के कुरवाई में जनदर्शन यात्रा की तैयारियों की समीक्षा भी की। बैठक में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा और स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि साइकिल के राशि वितरण कार्यक्रम में सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को वर्चुअली जोड़ा जाए। भोपाल में 17 अगस्त को हो रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान सीएम राइज महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा भेल के भवन का भूमि-पूजन भी करेंगे। यह प्रदेश का सबसे बड़ा सीएम राइज स्कूल होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 17 अगस्त को विदिशा जिले के कुरवाई में जनदर्शन यात्रा की बेहतर तैयारी की जाए। यात्रा से समाज का हर वर्ग और संस्थाएँ जुड़ें। यात्रा के बाद जन-सभा होगी,जिसमें 250 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर विदिशा को कार्यक्रम की सुव्यवस्थित तैयारी करने के निर्देश दिए।

# बुधनी में आयोजित शिविर में दिव्यांगजन को 309 सहायक उपकरण वितरित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि दिव्यांग भाई-बहनों को जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजन की कठिनाइयों को दूर करने के साथ ही उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन की सेवा ही भगवान की सेवा है। उन्होंने कहा कि आप अकेले नहीं है, मैं आपके साथ हूँ। आपकी समस्याओं को दूर करने के लिए मैं कोई कसर नहीं छोड़ूँगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज बुधनी में दिव्यांगजन को सहायक उपकरण वितरण शिविर में शामिल हुए। उन्होंने दिव्यांगजन का पुष्प-वर्षा कर अभिनंदन किया और उन्हें सहायक उपकरण वितरित किए। शिविर में दिव्यांगजन को एक करोड़ 79 लाख रूपए की लागत के 309 सहायक उपकरण वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गत दिवस बुधनी में दिव्यांगजन को सहायक उपकरणों के वितरण के लिए चिन्हांकन शिविर लगाया था। शिविर में मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों ने परीक्षण कर 670 दिव्यांग को प्रमाण-पत्र वितरित किए थे और अनेक दिव्यांगों को इलाज के लिए रेफर किया गया था। आज बुधनी में सहायक उपकरण वितरण शिविर में 309 दिव्यांगजन को सहायक उपकरण प्रदान किए गए है। इस दौरान 16 दिव्यांगजन को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, 44 दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल के साथ ही अनेक दिव्यांग को व्हीलचेयर, बैसाखी, ब्लाइंड कैन आदि सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में ली सदस्यता

# कांग्रेस-जयस के पदाधिकारी और सेवानिवृत्त आईएएस भाजपा में शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष सेवानिवृत्त आईएएस कवीन्द्र कियावत, रधुवीर श्रीवास्तव, कांग्रेस के टिकट पर पंधाना से कांग्रेस प्रत्याशी रहीं श्रीमती छाया मोरे सहित कांग्रेस और जयस के 1200 से अधिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालो में भगवानपुरा के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हितेश मुजाल्दे, पंधाना के युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जायसवाल, युवक कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव शेख इय्यान, युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शैलेश राठौर, घाटा खेड़ी के मंडल अध्यक्ष रघुराज सिंह गौड़, पूर्व पार्षद प्रत्याशी सरफराज खान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह राणावत, मंडला क्षेत्र के पूर्व न्यायाधीश प्रकाश उइके एवं सिहोरा के खिलाडी सिंह आर्मो के समर्थकों, सरदारपुर के पूर्व एसडीओपी रामसिंह मेड़ा, धार में युवा कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा बघेल सहित 1200 से अधिक कांग्रेस और जयस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल थे। मंच का संचालन युवा आयोग के अध्यक्ष निशांत खरे एवं आभार प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने किया। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भावर, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल उपस्थित थे।

तिरंगा यात्रा में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

# भोपाल में निकली तिरंगा यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



**भोपाल, देशबन्धु।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रदेशभर में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रायें निकाली जा रही है। रविवार को प्रदेश के कई जिलों में निकली तिरंगा यात्राओं में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। यात्रा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष हाथों में तिरंगा थामे यात्रा की अगुवाई कर रहे थें उनके साथ जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी व पार्टी कार्यकर्ता देशभक्ति नारों और गीतों के बीच हर्षोल्लास के साथ चल रहे थे।तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम लोग शामिल हुए। यात्रा में शामिल प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के साथ भारत माता की जय के उदघोष कर रहे थे। पार्टी के जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा में कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में मध्यप्रदेश इलेक्ट्रानिक कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष शैतान सिंह पाल, जिला महामंत्री एवं नगर निगम के सभापति किशन सूर्यवंशी आदि शामिल थे।

मुंबई में होने जा रही तीसरी बैठक पर सबकी निगाहें

# इंडिया अब अगले बड़े कदम उठाने को तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक महाराष्ट्र के मुंबई में होने जा रही है, ऐसे में सभी की निगाहें बैठक में होने वाली चर्चाओं पर टिकी हैं। हाल ही में समाप्त हुए संसद के मानसून सत्र में सभी दल एकजुट होकर काम करने में कामयाब रहे हैं।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि रणनीति तैयार करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मलिलकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी ने हाल ही में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता शरद पवार से भी मुलाकात की थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि तीसरी बैठक के दौरान घटक दलों के बीच समन्वय समिति सहित अन्य समितियों के गठन पर चर्चा शुरू होगी। सूत्रों ने कहा कि बैठक में इंडिया के लिए राष्ट्रीय संयोजक, समन्वय समिति और अन्य राजनीतिक समितियों पर निर्णय की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु की बैठक में 11 सदस्यीय समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है, इसलिए इस पर विस्तृत चर्चा होगी, साथ ही संयोजक पद के लिए नाम पर भी चर्चा होगी। सूत्र ने कहा कि बैठक के दौरान राहुल गांधी की सजा पर रोक पर भी चर्चा की जाएगी और भविष्य में भाजपा द्वारा किसी भी प्रतिद्वंद्वी नेता के खिलाफ ऐसी स्थिति से कैसे निपटा जाए इस पर भी विचार किया जाएगा। इंडिया गठबंधन ने एक महीने के अंतराल में 23 जून को बिहार के पटना में और 18 और 19 जुलाई को कर्नाटक के बेंगलुरु में दो बैठकें की हैं। हालांकि, पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि तीसरी बैठक के दौरान संसद के शीतकालीन सत्र में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को घेरने की रणनीति भी कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, आप के राज्य सभा सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा और लोकसभा सांसद सुशील कुमार रिंकू के निलंबन को ध्यान में रखते हुए ली जाएगी। सूत्र ने कहा कि सांसदों के निलंबन और संसद में विधेयकों को पारित करने की संसदीय प्रक्रिया को बाधित करने से विपक्ष के हाथ में एक नया हथियार आ गया है। ये सभी दल भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के रथ को रोकने के लिए एक साथ आए हैं जो 542 सीटों में से 353 सीटें जीतने में कामयाब रहा। 2019 के चुनाव में बीजेपी ने 303 सीटें जीती थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 421 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और 373 सीटों पर बीजेपी से उसकी सीधी टक्कर थी। बीजेपी ने 2019 का चुनाव 435 सीटों पर लड़ा था, जबकि बाकी सीटों पर उसके गठबंधन सहयोगियों ने चुनाव लड़ा था।

हालांकि, राहुल गांधी द्वारा मोदी के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाने के बावजूद, सबसे पुरानी पार्टी 2019 के लोकसभा चुनावों में केवल 52 सीटें जीतने में सफल रही। 2019 में बीजेपी के खिलाफ सीधे चुनाव लड़ने वाली सीटों को देखते हुए पार्टी में विस्तृत चर्चा चल रही है और वह अभी भी देश भर में कम से कम 400 सीटों पर लड़ने की कोशिश करेगी। सूत्र ने कहा कि बैठक के बाद एक सुखद तस्वीर पेश करने के बावजूद, आगे की राह बहुत आसान नहीं है क्योंकि इसके लिए बहुत सी गंभीर बातचीत की आवश्यकता है इसमें उन राज्यों में बलिदान शामिल है जहां क्षेत्रीय दल इसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं।


स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी, लाल किले पर प्रधानमंत्री फहराएंगे तिरंगा

# विशेष अतिथियों में शामिल होंगे श्रमिक, किसान व शिक्षक

## विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लगभग 18 सौ लोगों को आमंत्रित किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर 77 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 अगस्त को देश भर में मनाए जाने वाले आजादी के इस उत्सव के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा इस ऐतिहासिक स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

इस बार समारोह में केंद्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों, किसानों, मजदूरों, शिक्षकों, नर्सों और चिकित्सा कर्मचारियों समेत समाज के विभिन्न क्षेत्र के लोगों को विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया है। ये सभी 15 अगस्त को लाल किला पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इनमें नई संसद भवन व सेंट्रल विस्टा परियोजना से जुड़े 50 श्रम योगी (निर्माण श्रमिक) भी शामिल हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में लाल किला में आयोजित समारोह का हिस्सा बनने के लिए देश भर से विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लगभग 1,800 लोगों



को उनके जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह पहल सरकार के 'जनभागीदारी' दृष्टिकोण के अनुरूप की गई है। इन विशिष्ट अतिथियों में 660 से अधिक जीवंत गांवों के 400 से अधिक सरपंच, किसान उत्पादक संगठन योजना से जुड़े 250 लोग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के 50-50 लोगों प्रतिभागी होंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 50-50 खादी कार्यकर्ता, सीमा पर स्थित सड़कों के निर्माण, अमृत सरोवर और हर घर जल योजना से जुड़े लोगों के साथ-साथ 50-50 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, नर्स और मछुआरे भी इन विशेष अतिथियों में शामिल हैं। इनमें से कुछ विशिष्ट अतिथियों का दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करने और रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक प्रत्येक राज्य व केन्द्र-शासित प्रदेश से 75 जोड़ों को भी उनकी पारंपरिक पोशाक में लाल किला में आयोजित समारोह को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## 12 स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए

स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर दिल्ली में 12 स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों को समर्पित सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं।

## सरकार के काम भी दर्शाए जांएगे

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सरकार के मुख्य काम भी दर्शाई जांएगी। इनमें टीके और योग, उज्ज्वला योजना, अंतरिक्ष शक्ति, डिजिटल इंडिया, कौशल भारत, स्टार्ट-अप इंडिया, स्वच्छ भारत, सशक्त भारत, नया भारत, पॉवरिंग इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवनमिशन शामिल हैं।

# शाह ने गुजरात में विभिन्न परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**गांधीनगर, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को मेहसाणा के चंद्रसार गांव का दौरा किया, जहां उन्होंने एक झील के चल रहे नवीनीकरण का अवलोकन किया। झील का नवीनीकरण किया जा रहा है और योजना में एक एम्फीथिएटर व एक ओपन लाइब्रेरी का एकीकरण शामिल है, जो स्थानीय निवासियों के लिए समृद्ध सामुदायिक स्थानों का वादा करती है। अमित शाह ने एक नए सब-रजिस्ट्रार दफ्तर का भी उद्घाटन किया। यह 2 करोड़ रुपये का निवेश संपत्ति से संबंधित कार्यों में तेजी लाने, निवासियों के लिए दक्षता और आसानी सुनिश्चित करने के लिए तैयार है। अमित शाह ने पिछले 9 वर्षों में देश भर में सड़क निर्माण की गति को दोगुना करने में मोदी सरकार के सराहनीय प्रयासों की सराहना की। शाह ने गुजरात में भाजपा के मजबूत डबल इंजन शासन पर प्रकाश डाला, जिसने सड़कों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से कनेक्टिविटी और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**कांग्रेस की सरकारों ने देश....** का उत्थान करने के संकल्प को पूरा करने का कार्य कर रही है। इस दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने 467 करोड़ की राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, पौने दो लाख करोड़ के आसपास की राशि डायरेक्ट ट्रांसफर हुई है। कोई बीच का आदमी नहीं है, हमने लोगों की जेब में सीधे पैसे डाले। इस साल हमने 107 लाख मीट्रिक टन धान किसानों से खरीदे। तीसरे दिन खाते में पैसे पहुंच जाते हैं। यह किसानों की सरकार है। इस साल 20 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदेंगे। कर्जमाफी, धान खरीदी का वादा हमने निभाया। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में हमने वादा निभाया। उन्होंने कहा, सात दिन बाद 20 अगस्त को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की अगली किश्त किसानों के खातों में आएगी। छत्तीसगढ़ पूरे देश में इकलौता राज्य है जहां मजदूरों को भी सात हजार रुपए की सालाना सहायता राशि दी जा रही है, 13 लाख परिवार से हम तेंदूपत्ता 4000 रुपए प्रति मानक बोरा खरीद रहे हैं।

उन्हांने आगे कहा कि राज्य में गोबर खरीदा जा रहा है, 42 लाख परिवारों को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को आज एक नई पहचान मिली है। रामायण महोत्सव, राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव, युवा महोत्सव जैसे आयोजन कर रहे हैं। राज्य में खेती किसानी की तरफ लोग लौट रहे हैं। 12 लाख से बढ़कर अब 26 लाख किसान प्रदेश में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से जुड़े हैं। धान के साथ अन्य फसलों को भी योजना के दायरे में लाया गया है।

**तिरंगामय हुआ बुधनी....** स्वच्छताग्राहियों ने भी मंच से मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिनंदन किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न मंच से चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव, सुभाष चन्द्र बोस, राजगुरू सहित देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले विभिन्न क्रांतिकारियों की वेशभूषा में नागरिकों को वीर शहीदों की याद दिलाई। इसके साथ ही अन्य मंच से छात्र-छात्राओं ने डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, वकील तथा शिक्षक के परिधानों में उपस्थित रहकर बुधनी में हो रहे विकास से सभी को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मेडिकल कॉलेज और अन्य विकास कार्यों के भूमि-पूजन कार्यक्रम में जन-सभा में कहा कि पूरे प्रदेश में प्रगति और विकास की क्रांति हो रही है जिससे मध्यप्रदेश देश में विकास की अग्रिम पंक्ति में शुमार हो गया है। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को मेडिकल कॉलेज के भूमि-पूजन सहित लगभग एक हजार करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात दी। सांसद रमाकांत भार्गव और पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभा में घोषणा की कि स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइयों का मानदेय दोगुना कर 4 हजार कर दिया जाएगा और जल्दी ही अतिथि शिक्षकों की पंचायत बुलाकर उनकी भी जायज मांगों को हल किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि वे 17 अगस्त को 5वीं से छठवीं में पढ़ने जाने वाली बेटियों और 8वीं से नवमी कक्षा में दूर पढ़ने जाने वाले बेटे-बेटियों के खातों में साइकिल खरीदने के लिए साढ़े 4 हजार रूपये की राशि डालेंगे। उन्होंने बताया कि 23 तारीख को भी अपने हायर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं में टॉप आने वाले एक-एक छात्र और छात्रा को स्कूटी की सौगात भी देंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज का दिन बुधनी के साथ ही नर्मदापुरम के लिए अभूतपूर्व और ऐतिहासिक है। मेडिकल कॉलेज बुधनी से ज्यादा नर्मदापुरम संभाग के लिए सर्वाधिक फायदेमंद होगा। कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज भी होगा। उन्होंने बुधनी-रेहटी-भेरूंदा राष्टीय राजमार्ग को भोपाल के साथ नर्मदापुरम संभाग को भी विकास के लिए उपयोगी बताया।

**तिरंगा यात्रा पर विद्यार्थियों ने की बात :** मुख्यमंत्री ने आज तिरंगा यात्रा के साथ सभा में आए विद्यार्थियो से खूब बात की। उन्होंने कहा कि बेटे-बेटियो आप खूब मन लगाकर पढाई करिए, आगे बढ़ों, आपके लिए मेधावी विद्यार्थी योजना तो है ही जिससे आपकी उच्च शिक्षा की पढ़ाई की फीस आपका मामा भरेगा। उन्होंने कहा कि सीखो-कमाओ योजना भी आपके लिए है, स्व-रोजगार के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना भी है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में भर्ती जारी है और यह आगे भी जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी में होगी।

**लोकनृत्य तथा गायन की मनमोहक प्रस्तुति :** तिरंगा यात्रा में लोक कलाकारों द्वारा आकर्षक वेशभूषा में पारंपरिक लोक नृत्य एवं गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। भजन मण्डलियों ने भजन भी प्रस्तुत किये। अनुसूचित जनजाति वर्गों के नागरिकों द्वारा अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मंच पर उपस्थित होकर मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिनंदन किया गया।

**सरकार नहीं परिवार चलाते हैं :** मुख्यमंत्री ने सभा में आई अपनी लाड़ली बहनों से कहा कि उनसे पहले कभी किसी सरकार ने बहनों के खाते में एक रुपया देने की नहीं सोची, अब मैंने सीधे एक-एक हजार रुपए अपनी बहनों के खाते में डालने का साहस किया है। वे 27 तारीख को बहनों से जुड़कर राखी बंधवाएंगे। बहनों चिंता मत करना मैं 250 रुपए के मान से राशि बढ़ाकर 3000 रुपए करूंगा। मैं आपके चेहरे पर खुशियाँ लाऊंगा और सरकार की नीतियों से आपके दुख-तकलीफ को दूर करूँगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जोर देते हुए कहा कि वे सरकार नहीं आप सबके साथ मिलकर परिवार चलाते है। एक तरफ विकास और दूसरी तरफ हर व्यक्ति तक जन-कल्याण, यही सरकार का मूल मंत्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने विकास का कोई काम नहीं किया है। उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, मार्गों का जाल बिछाकर प्रदेश का विकास किया है। बुधनी आज विकास की नई इबारत लिख रहा है और यहाँ के हर गाँव और खेत में पानी पहुँचाया जाएगा।

कश्मीर घाटी में स्वतंत्रता दिवस समारोहों को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

# 33 साल बाद बिना किसी प्रतिबंध के मनेगा स्वतंत्रता दिवस

- स्वतंत्रता समारोह के सुचारू संचालन के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा ग्रिड किया गया स्थापित
- नागरिक आवाजाही पर सभी प्रकार के प्रतिबंध हटाने की घोषणा की

**श्रीनगर, एजेंसी।** कश्मीर घाटी में 33 साल के लंबे इंतजार के बाद सही मायने में सामान्य परिस्थितियों में स्वतंत्रता दिवस समारोहों का आयोजन होगा। अधिकारियों ने घाटी में स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच 15 अगस्त और उसके आसपास नागरिक आवाजाही पर सभी प्रतिबंध हटाने व मोबाइल फोन तथा इंटरनेट के सुचारू संचालन की घोषणा की है।

कश्मीर संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने 15 अगस्त के आसपास मोबाइल फोन और इंटरनेट को निलंबित करने से इनकार कर दिया है। यह पिछले कई वर्षों के विपरीत है जब अधिकारी 15 अगस्त के आसपास घाटी में मोबाइल फोन और इंटरनेट दोनों सेवाओं को निलंबित कर देते थे। डिविजनल कमिश्नर ने यह भी कहा कि 15 अगस्त के आसपास और उस दिन घाटी में कहीं भी सार्वजनिक



आवाजाही पर किसी भी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। कश्मीर के एडीजीपी विजय कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के सुचारू संचालन के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया गया है, जबकि ड्रोन निगरानी और हवाई रेकी नए सुरक्षा उपायों का हिस्सा होगी। एडीजीपी ने रविवार को यहां बख्शी स्टेडियम में आयोजित फुल-ड्रेस रिहर्सल के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हवाई रेकी और ड्रोन निगरानी इस साल 15 अगस्त को की गई सुरक्षा व्यवस्था का नवीनतम आयाम है। घाटी में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह कई वर्षों के बाद बख्शी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पिछले कई साल से यह समारोह शहर के सोनवार इलाके में शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा था। एडीजीपी ने कहा है कि बख्शी स्टेडियम क्रिकेट स्टेडियम से कहीं बेहतर स्थल है। उन्होंने कहा कि यहां हमारे पास उचित पार्किंग सुविधा और आवास सुविधा है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए लोगों को बड़ी संख्या में आना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा श्रीनगर में मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और सलामी लेंगे, जबकि विभिन्न जिला विकास आयुक्त अपने जिलों में समारोह का नेतृत्व करेंगे। पुलिस, सेना, अर्धसैनिक बलों, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा बल तथा स्कूली बच्चों की टुकड़ियां बख्शी स्टेडियम में परेड का हिस्सा होंगी। सोमवार को सभी स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थलों पर विविधता में एकता को उजागर करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के चलते सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। ताकि प्रदेशवासी बिना किसी डर के आजादी के इस पर्व को मना सकें। इससे पहले आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पुलिस ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादकः पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादकः ज़ाकिर अली* फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।